वर्ष- 21 अंक - 215 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 18 जनवरी 2026

## गांधीजी की दोनों आंखें फोड़ डाली

**अयोध्या.एजेंसी।** अयोध्या में गांधी की प्रतिमा के साथ शर्मनाक हरकत सामने आई है। सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क में असामाजिक तत्वों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रतिमा की दोनों आंखें फोड़ दीं और गांधी जी का चश्मा भी गायब कर दिया।



# सुबह से चरम पर पहुंच गई क्रिकेट की दीवानगी

### इंदौर के होल्कर स्टेडियम के बाहर रात से ही पहुंचने लगे प्रशंसक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर के होल्कर स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच तीसरा और आखिरी मैच आज दोपहर 1.30 बजे से खेला जा रहा है। इसके लिए क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर है। स्टेडियम के बाहर सुबह से लोगों की भीड लगी हुई है। सुरक्षा के लिए पुलिसबल तैनात है। दर्शक टैटू भी बनवा रहे है और देशभक्ति से जुडी सामग्री खरीद रहे है। बीती रात से ही क्रिकेट प्रशंसकों का स्टेडियम के आसपास नजर आना शुरु हो गया था, जो आज सुबह भी जारी है। करीब दोपहर 12 बजे दोनों टीमों के खिलाड़ी स्टेडियम पहुंचेंगे। दोपहर 1 बजे टॉस होगा। होल्कर स्टेडियम में टीम इंडिया आज तक कोई वन-डे मैच नहीं हारी है। सीरिज का निर्णायक मैच होने के कारण दोनों टीमों ने नेट प्रेक्टिस में भी खूब पसीना बहाया। होल्कर स्टेडियम को बल्लेबाजी का पिच माना जाता है इसलिए मैच में दर्शकों को चौके-छक्के देखने का उत्साह है। खासतौर पर हिटमैन रोहित के बल्ले से बड़े शॉट और कोहली के बल्ले से शतक की आस लिए प्रशंसक स्टेडियम पहुंच रहे है।

## गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में आतंकी हमले की आशंका

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस के आसपास आतंकी हमले की आशंका का अलर्ट जारी गया है। खुफिया ब्यूरो आईबी के अनुसार प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थक संगठन और बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन 26 जनवरी से पहले नई दिल्ली समेत देश के कई अन्य शहरों को निशाना बनाने की नापाक कोशिश कर सकते हैं।

### सियार के हमले में 25 लोग घायल

**सोनभद्र.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के सोनभद्र में सियार के आतंक से दहशत फैल गई। यहां सियार ने हमला कर 25 लोगों को घायल कर दिया। घायलों में बच्चे, बूढ़े और महिलाएं भी शामिल हैं।

## मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में आस्था का सैलाब, 1.5 करोड़ से ज्यादा ने लगाई डुबकी



**प्रयागराज.एजेंसी।** आज मौनी अमावस्या है। प्रयागराज में चल रहे माघ मेले का आज सबसे बड़ा स्नान हो रहा है। यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लोग देर रात से ही संगम में डुबकी लगाने लगे। सुबह 8:30 बजे तक 1.5 करोड़ से ज्यादा लोग आस्था की डुबकी लगा चुके थे। शाम तक यहां 3 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगाएंगे। प्रयागराज के अलावा हरिद्वार, अयोध्या, उज्जैन, ओंकारेश्वर में भी लाखों लोग डुबकी लगा रहे हैं।

## खाली घर को बनाया मदरसा पढ़ रहे थे नमाज 12 गिरफ्तार

**बरेली.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बरेली में बिशारतगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदगंज गांव में एक खाली मकान को अस्थायी मदरसा बनाकर जुमे की सामूहिक नमाज पढ़ने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर 12 लोगों को हिरासत में लिया जबकि 3 आरोपी फरार हो गए।

## पाकिस्तान के शॉपिंग मॉल में भीषण आग, 3 की मौत, दर्जनों घायल



**कराची.एजेंसी।** पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में जिन्ना रोड इलाके में स्थित गुल प्लाजा शॉपिंग मॉल में भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए।

## ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली से पटना जा रही राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे हड़कंप मच गया। ट्रेन उस वक्त अलीगढ़ से गुजर रही थी। वहीं ट्रेन को रोका गया और जांच की गई। जांच में कुछ नहीं मिलने के बाद करीब 31 मिनट बाद ट्रेन को आगे बढ़ाया गया।

## ग्रीनलैंड में ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

### अमेरिका ने 8 यूरोपीय देशों पर लगाया 10प्रश टैरिफ

**रविवार.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अब ग्रीनलैंड पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके विरोध में ग्रीनलैंड के साथ ही डेनमार्क के शहरों में भी लोग सड़कों पर उतरे और ट्रंप के खिलाफ मार्च निकाला। इस बीच ट्रंप ने उन 8 यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया जो कि ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप का विरोध कर रहे हैं। फ्रांस-ब्रिटेन ने कहा कि हम अमेरिका की धमकी से नहीं डरेंगे।

## मुंबई में भाजपा का मेयर बनना हुआ मुश्किल, शिंदे को भड़का रहे उद्धव

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई महानगरपालिका के चुनाव में भाजपा और शिंदे शिवसेना के गठबंधन ने बहुमत तो हासिल कर लिया, लेकिन अब यहां मेयर पद को लेकर भाजपा और शिंदे के बीच तकरार शुरू हो गई। शिंदे चाहते हैं कि ढाई-ढाई साल के लिए दोनों दलों के मेयर बनें, इसलिए उन्होंने अपने 29 पार्षदों को एक होटल में ठहरा दिया है ताकि भाजपा या कोई दल इन पार्षदों की खरीद-फरोख्त न कर सके। विधानसभा चुनाव के समय भी उद्धव ठाकरे ने भाजपा को धोखा देकर कांग्रेस-राकांपा के साथ सरकार बनाई थी, लेकिन बाद में भाजपा ने उद्धव की दुर्गति कर दी। अब ऐसा लगता है कि उद्धव की तरह शिंदे का भी हाल वैसा ही होगा। इस बीच उद्धव ठाकरे भाजपा के खिलाफ शिंदे को भड़काने में लगे हैं। उद्धव नहीं चाहते कि मुंबई में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वे शिंदे की शिवसेना को भड़का रहे हैं। उद्धव ने कहा कि शिंदे भाजपा से डरे हुए हैं। अब भाजपा के सामने दिक्कत यह है कि उसके पास 89 पार्षद हैं जबकि बहुमत के लिए 114 पार्षद चाहिए। भाजपा को अपना मेयर बनाने के लिए 25 पार्षदों की जरूरत है। इसी का फायदा शिंदे उठाने में लगे हैं। अब देखना यही है कि भाजपा शिंदे को मनाकर अपना मेयर बनाती है या दूसरे दलों के पार्षदों को तोड़ती है। फिलहाल मुख्यमंत्री फडणवीस लाओस चले गए। ऐसे में संभावना यही है कि 24 जनवरी के बाद ही मेयर का फैसला होगा।



## मरीजों के बेड पर श्वान

**गोंडा.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गोंडा मेडिकल कॉलेज से जुड़े जिला अस्पताल में एक वार्ड में खाली पड़े बेड पर तीन कुत्तों के लेटे होने का वीडियो सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि उसी वार्ड में कई मरीज अपने-अपने बेड पर भर्ती दिखाई दे रहे हैं। । इससे पहले इसी अस्पताल के एक वार्ड में ऑक्सीजन पाइप पर चूहों के दौड़ने का वीडियो भी वायरल हुआ था।



# विधायक के पुतले को चप्पलों से पीटा फिर जलाया

## भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने किया था दहन आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया के बयान से पूरे प्रदेश में आक्रोश है। इंदौर की भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों ने कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया से महिला और अनुसूचित जाति वर्ग से माफी मांगने की मांग करते हुए राहुल गांधी से मांग की कि फूलसिंह




बरैया को कांग्रेस से निष्कासित किया जाए। बयान पर भाजपा से जुड़ी महिलाओं ने एरोड्रम थाना में शिकायत भी दी। कालानी नगर चौराहा पर भाजपा की महिलाओं ने भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की मौजूदगी में लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया के पुतले को पहले चप्पलों से पीटा फिर पुतला जलाया। भाजपा की महिलाओं ने तख्तियां हाथ में लेकर राहुल गांधी के खिलाफ भी नारे लिखे। इस प्रदर्शन के बाद भाजपा नेत्रियां एरोड्रम थाना पहुंची और बरैया के खिलाफ पुलिस में आवेदन दिया। भाजपा की महिला बहनों के बीच महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सुमित मिश्रा, गोलू शुक्ला, दीपक जैन टीनू, भूपेंद्रसिंह केसरी, आलोक दुबे, हरिनारायण यादव, सूरज कैरो, ज्योति तोमर, पद्मा भोजे, श्रेष्ठा जोशी, मंजू ठाकुर, इंदु श्रीवास्तव, कंचन गिदवानी, नेहा शर्मा, सचिन बंसल, विशाल यादव, वरुण पाल, रानू अग्रवाल, गोविंद पंवार, सुरेश कुछवाडे उपस्थित थे।

## ताई और सावरकर रहेंगे आयोजन में मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज रविवार की दोपहर 3.30 बजे वीर सावरकर साहित्य के चार खंडों का आयोजन मंगल भवन लोक मान्य नगर में होगा। कार्यक्रम में वीर सावरकर के पोते सात्यकी सावरकर और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन मौजूद रहेंगे। सावरकर का व्याख्यान भी होगा। कार्यक्रम से कीर्तीश धामारीकर शास्त्री, अजय करंदीकर, श्रीकांत केळकर जुड़े हुए हैं। चार खंडों में लोकार्पण समारोह का आयोजन होगा, जिसमें अलग-अलग खंड में व्याख्यान होंगे।

## बाकलीवाल की मौजूदगी में दोनों पूर्व अध्यक्ष रहे मौजूद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्रीफल गौरव दिवस का दो दिवसीय आयोजन जैन संत मुनि पूज्य सागर म.सा. के सानिध्य में नवग्रह जिनालय ग्रेटर बाबा परिसर में आयोजित किया गया। राजेश जैन ने बताया कि आयोजन में दिगम्बर जैन समाजजन पूरे इंदौर से पहुंचे थे। विनय बाकलीवाल सामाजिक संसद के अध्यक्ष बने तो पुरानी दोनों सामाजिक संसद के पदाधिकारी भी एक मंच पर दिखाई दे रहे हैं। बाकलीवाल के साथ नरेन्द्र वेद और राजकुमार भी मौजूद रहे, जिन्होंने स्वामीजी का सम्मान किया। नकुल पाटोदी, जैनेश झांझरी, डीके जैन, नवीन गोधा, उर्मिला गांधी, मुक्ता जैन, रेखा जैन, टीके वेद, डॉ. जैनेन्द्र जैन, हंसमुख गांधी, राजेश लारेल, बाहुबली पाण्डया सहित अन्य मौजूद थे।



## भाजपा प्रदेश प्रभारी का स्वागत



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह कल इंदौर विमानतल पर पहुंचे तो उनकी अगवानी भाजपाइयों ने की और माँ अहिल्या की नगरी में उनका स्वागत किया। सुमित मिश्रा, श्रवणसिंह चावड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा के पूर्व पार्षद की बेटी भी बनी कार्पोरेटर




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा एक के वार्ड 13 के पूर्व पार्षद सुरेन्द्र-चंदा वाजपेयी की बेटी श्वेता त्रिवेदी ने महाराष्ट्र के सम्भाजी नगर में नगर सेविका पद पर जीत हांसिल की। इन्दौर के कई भाजपा नेता और ब्राह्मण समाजजनों ने सुरेन्द्र-चंदा वाजपेयी और इन्दौर की बेटी श्वेता त्रिवेदी को बधाई दी।



# कई कांग्रेसियों में हैं राहुल गांधी से नहीं मिलने के कारण नाराजगी

## गांधी भवन से लगे थे एयरपोर्ट पहुंचने के लिए फोन, उसका ही दे रहे हैं हवाला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी कल इंदौर पहुंचे थे उसके पहले गांधी भवन से कई कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं को विमानतल पर सुबह 10 बजे पहुंचने के फोन भी लगे थे और कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर भी यह मैसेज चलाया था उसी के बाद अपने आलाकमान नेता राहुल गांधी को देखने और मिलने कांग्रेसी पहुंच गए थे। कई वरिष्ठ नेताओं से लेकर कार्यकर्ता तक अपनी इच्छा पूरी नहीं कर पाए और राहुल गांधी से मिल भी नहीं पाए और कई तो उनकी झलक तक नहीं देख पाए। कांग्रेस के कुछ नेता चाह रहे थे कि आए हुए कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं के लिए एक गोल घेरा बना लिया जाए और राहुल गांधी सबके बीच पहुंचकर भले ही हाथ हिला ले और कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं को अभिवादन स्वीकार कर लें, यहां तक कि पूर्व अध्यक्षों को भी मिलने का मौका नहीं मिला, प्रभारी रवि जोशी भी खाली हाथ रहे। विनय बाकलीवाल भी नहीं मिल पाए तो उन्होंने पटवारी के घर शाम को समर्थकों के साथ पहुंचकर नाराजगी भी व्यक्त की। एयरपोर्ट के अलावा कांग्रेसियों ने भागीरथपुरा में भी राहुल गांधी से मिलने और बगीचे में भी राहुल से मिलने और झलक देखने की कोशिश की। इस चक्कर में कांग्रेसियों की नाराजगी प्रदेश की सहप्रभारी उषा नायडू के समक्ष भी दिखी। भागीरथपुरा के कई घरों में कांग्रेसी पहले से मौजूद रहे। वहां भी कुछ ही घरों में राहुल गांधी पहुंचे, पीड़ित परिवारों से बगीचे में मिले वहां भी कांग्रेसियों ने मिलने के प्रयास किए। वहां भी सफल नहीं हुए तो नाराजगी कांग्रेसियों में रही और कांग्रेसी भड़कते रहे, जो कांग्रेसी भागीरथपुरा बगीचे में पहुंचे उनमें से कुछ ऐसे थे जो छपास के शौकीन थे और कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम से दूरी बनाकर रखते हैं उस पर भी कांग्रेसियों ने आपत्ति ली कि वे बगीचे में अन्दर कैसे आ गए। राहुल गांधी से मिलवाने की पूरी कमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रभारियों के हाथों में थी। शहर और जिला कांग्रेस के हाथ में राहुल गांधी से मिलवाने का कुछ भी नजर नहीं आया और ना ही प्रदेश कांग्रेस और प्रभारियों ने शहर-जिला कांग्रेस को भरोसे में लिया। राहुल से नहीं मिलने से कांग्रेसी निराश और नाराज हुए और जमकर वरिष्ठ कांग्रेसियों को कोसा, सोशल मीडिया पर भी जमकर लिखा गया। भागीरथपुरा बगीचे में राहुल गांधी की सुरक्षा के लिए पीछे रस्सी बांधी गई थी, उसके पीछे भी कांग्रेसी खड़े रहे वे भी अपने नेता की झलक की कोशिश करते रहे।

सहप्रभारी उषा नायडू से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम वर्मा, सेवादल पदाधिकारी और महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष से राहुल गांधी से मिलने के मुद्दे पर बहस हो गई थी। यहां तक कि राज्यसभा सांसद अशोक सिंह को भी रोक दिया गया था। स्थानीय इंदौर शहर और जिले के कांग्रेसी राहुल गांधी से मिलने से वंचित रह गए, विमानतल पहुंचे और मुलाकात नहीं हुई तो बाहरी कांग्रेसियों को स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता नेता कोसते रहे और बोले कि बड़े नेता तो प्रदेश भर में राहुल के आगमन पर और दिल्ली जाकर मिल लेते हैं। इंदौर आगमन पर लोकल नेता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिलवाना चाहिए था। कांग्रेसियों ने कहा कि राहुल गांधी का इंदौर आना सार्थक रहा और उन्होंने पीड़ित परिवार से भागीरथपुरा में और अस्पताल पहुंचकर मुलाकात भी की जो सार्थक रही। राहुल गांधी ने 1-1 लाख रु. के चेक भी भेंट किए। वहीं विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी 50-50 हजार रु. के चेक भेंट किए। राहुल गांधी ने नपीतुली बात मीडिया से की। राहुल ने कहा था कि मैं पानी से मृतक हुए पीड़ितों के परिवार का दर्द बांटने आया हूं। उनकी बातें जानने आया हू, पानी के कारण इतनी सारी मौते होना निश्चित रुप से दुख दर्द वाली है, मैं इन पीडितों के दुख में खडा हूं, मैं इन पीडितों की आवाज को लोकसभा में भी उठाऊंगा और कांग्रेस भी निरंतर पीडितों के साथ खडी नजर आएगी।



## युवा कांग्रेसी भी मौजूद रहे राहुल की मुलाकात के दौरान

कांग्रेस ने कल भागीरथपुरा के अलग-अलग मृतक परिवार के बीच अपने कांग्रेसियों की ड्यूटी लगाई थी। युवक कांग्रेस के सरफराज अंसारी भी एक पीड़ित परिवार में पहले से मौजूद रहे, जहां राहुल गांधी पहुंचे थे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष की हिम्मत नहीं हुई भाजपाइयों को हटाने की

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। राहुल गांधी के आने के पहले भागीरथपुरा क्षेत्र में कांग्रेसियों को कुछ भाजपाई नजर आए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने स्वयं इन भाजपाइयों को हटाने की मशक्कत के लिए हिम्मत नहीं जुटाई। उन्होंने वहां मौजूद देवेन्द्रसिंह यादव और दीपक मलोरिया रानू को भाजपा कार्यकर्ता खड़े होने की बात बताई। इस पर यादव और मलोरिया ने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी दी और फिर भाजपाइयों को हटवाया गया।

## राहुल की सुरक्षा में चूक...कार में फेंका पोस्टर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भागीरथपुरा के दूषित जलकांड के पीडितों से मिलने कल इन्दौर पहुंचे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। राहुल गांधी के काफिले के दौरान रास्ते भर समर्थकों की भीड थी। इसी बीच राहुल गांधी जब रवाना हो रहे थे तभी उनकी कार का कांच थोडा से खुला था और कार के गेट पर लोगों का हुजूम उमड़ रहा था, इसी दौरान राहुल गांधी की कार में किसी ने बैनर डाल दिया। हालांकि इसके बाद काफिला तुरन्त रवाना हो गया।



## कांग्रेस नेताओं ने की राहुल से मुलाकात

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेसी बड़ी संख्या में राहुल गांधी से मिलने की जुगत विमानतल से बाहर, भागीरथपुरा क्षेत्र में करते रहे, कई कांग्रेस नेता सफल भी हुए। राजेश चौकसे, अमन बजाज, सन्नी राजपाल,गिरीश चितले, अमित चौरसिया, दीपू यादव, देवेन्द्रसिंह यादव, अमित पटेल, दीपक मलोरिया रानू, सरफराज अंसारी, शेख अलीम, रफीक खान, सादिक खान सहित अन्य ने मुलाकात की।





## भाजपा ने पहले ही भर्ती लोगों को समझा दिया था कि क्या बोलना है राहुल के सामने

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल राहुल गांधी जब बॉम्बे अस्पताल भागीरथपुरा के बीमार मरीजों से मिलने पहुंचने वाले थे उसके एक दिन पूर्व भाजपा ने रणनीति बनाकर वहां परिजनों के माध्यम से पीड़ितों को बता दिया था कि काम तो भाजपा सरकार और भाजपा के जनप्रतिनिधि ही आएंगे, राहुल गांधी मिलकर क्या देंगे। सूत्रों का कहना है कि जब राहुल गांधी बॉम्बे अस्पताल पीड़ितों से मिलने पहुंचे तो वहां कुछ बीमार के परिजनों ने राहुल गांधी से कहा कि उनकी बीमारी का इलाज सरकार करवा रही है और क्षेत्रीय विधायक, मंत्री भी उनकी पूछपरख कर ध्यान रख रहे हैं। पूरी बाते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी राहुल गांधी के साथ उनकी बातें सुनते रहे।

## राहुल के जाते समय विमानतल की सूची छोटी हो गई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। राहुल गांधी के आने के समय सूची 40 कांग्रेसियों के मिलने की थी। वहीं राहुल गांधी के वापस दिल्ली जाते समय विमानतल पर जो सूची थी वह 64 लोगों की थी, जिसमें इंदौर के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी थे। बाद में यह सूची सुरक्षा कारणों से कटकर 37 लोगों की ही हो गई। जबकि सभी को फोन कर सूचित कर दिया गया था कि वे राहुल गांधी से मिलने पहुंचे उनका नाम है, सूची छोटी हुई तो नाराजगी भी देखने को मिली, लेकिन इन नाराज लोगों को समझाने वाला कोई भी कांग्रेसी नजर नहीं आया। यहां तक कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे भी राहुल गांधी से नहीं मिल पाए। इधर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े राहुल गांधी से भी मिल लिए और अपनी कार में राहुल की सवारी भी करवा दी, जो कांग्रेसियों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# बाकलीवाल का नाम कटा तो नाराजगी जाहिर करने पहुंच गए पटवारी के यहां

## दो घंटे में कर लिए 100 से अधिक समर्थक एकत्रित, नाम क्यों कटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विनय बाकलीवाल का नाम राहुल गांधी के वापस विमानतल पहुंचने वाली सूची में था। पहले यह सूची बड़ी थी बाद में सूची को छोटी कर दिया गया था उसमें विनय बाकलीवाल का भी नाम कट गया, जबकि उस समय विनय बाकलीवाल विमानतल पर मौजूद थे। सूत्रों का कहना है कि नाम कटने से विनय बाकलीवाल के मन में नाराजगी थी और उन्होंने शाम 4 बजे के बाद जीतू पटवारी से समय लेकर उनके घर मिलने की बात कही तो शाम 6.30 बजे का समय तय हुआ और आखिरकार विनय बाकलीवाल दो घंटे से कम समय में अपने 100 से अधिक समर्थकों को एकत्रित कर पटवारी के निवास बिजलपुर जा पहुंचे और अपनी पीड़ा बताई कि उनका नाम अंतिम समय में क्यों कटा। इस पर पटवारी ने हमेशा की तरह मीठी बात कर कहा कि विनय भाई आप तो कई बार राहुल गांधी से मिल चुके हों, आगे भी अपन मिलते रहेंगे। कुल मिलाकर विनय बाकलीवाल की राहुल गांधी से नहीं मिलने और नाम कटने की नाराजगी पर मिठास का पलेथन पटवारी ने लगाकर बाकलीवाल के सभी समर्थकों से मुलाकात की।









# कोई खिलाड़ियों के स्कैचिंग तो कोई पोस्टर लेकर पहुंचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**होल्कर स्टेडियम में आज दोपहर 1.30 बजे से भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच सीरिज का तीसरा और आखिरी वन-डे मैच खेला जा रहा है। इस मैच के लिए क्रिकेट प्रेमियों की दीवानगी सुबह से ही चरम पर है। मैच का रोमांच तो दोपहर से लेकर शाम तक नजर आएगा लेकिन खिलाड़ियों के प्रति दीवानगी लोगों की स्टेडियम के बाहर सुबह से नजर आई।**

रीवा का एक छात्र जो शहर में पढ़ाई कर रहा है, उसने टीम इंडिया खिलाड़ियों की स्कैचिंग बनाई है। स्टेडियम के बाहर टीम इंडिया की टी-शर्ट और देशभक्ति से जुडी अन्य सामग्रियां मिल रही है, टैटू बनवाने वालों की भी होड़ मची है। लोगों के हाथ में अपने प्रिय खिलाड़ियों के पोस्टर और स्लोगन लिखे बैनर भी है। स्टेडियम के आसपास, अंदर और एंट्री गेट पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा है। 1500 जवान सुरक्षा के लिए तैनात किए गए है। होटल से लेकर स्टेडियम के रास्ते तक सडक के दोनों ओर क्रिकेट प्रेमियों का हुजूम लगा हुआ है। वे बस की खिड़की से अपने प्रिय खिलाडी की झलक पाना चाहते है। कुछ लोग तो आज सुबह इस आस में स्टेडियम के बाहर पहुंच गए कि कोई टिकिट जुगाड में मिल जाएगा लेकिन पुलिस की क्रिकेट की कालाबाजारी करने वालों पर भी नजर है। पुलिस ने सुगम यातायात के लिए जो डायवर्सन प्लान बनाया था उसे लागू करते हुए स्टेडियम के आसपास की ट्राफिक व्यवस्था बनाई है।

## 40 साल पुरानी नर्मदा की लाइन बदलने के निर्देश, पटेल प्रतिमा के आसपास में नर्मदा की स्थिति खराब

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने 40 साल पुरानी नर्मदा लाइन बदलने के निर्देश दिए हैं। इस पुरानी लाइन के कारण पटेल प्रतिमा के आसपास के क्षेत्र में लाईनों की स्थिति खराब है। सिंघल द्वारा झोन क्रमांक 11 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इसमे छोटी ग्वालटोली, पटेल प्रतिमा चौराहे के पास लगभग 40 वर्ष पुरानी नर्मदा लाइन का निरीक्षण करते हुए नर्मदा लाइन बदलने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 54 के अंतर्गत मयूर नगर एवं इदरीश नगर में दूषित पानी की समस्या का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में क्षेत्रीय पी एच ई के इंजीनियर पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दूषित पानी का कारण शीघ्र पता कर इस हेतु जो भी संधारण कार्य किए जाना आवश्यक रूप से कर के क्षेत्र में समस्या दूर करने के निर्देश दिए। ड्रेनेज एवं पानी की समस्या को दृष्टिगत रखते है आवश्यकता अनुसार संधारण कार्य करने के निर्देश दिए गए।



## मौसम में परिवर्तन से एक बार फिर गर्मी की आहट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। मौसम में परिवर्तन से इंदौर में एक बार फिर गर्मी की स्थिति बन गई है। दिन का तापमान जहां 30 डिग्री पर पहुंच रहा है तो वही रात का तापमान भी 12 डिग्री पर आ गया है।**

कल दिन में इंदौर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस हो गया। जो की सामान्य तापमान से 4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। एक दिन पहले यह तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह से इस तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो गई। इसके साथ ही रात के समय का तापमान भी बदल रहा है। कल रात का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा। यह तापमान कल के तापमान से 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। परसों रात में यह तापमान 9 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह से न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो गई है।

इस स्थिति के कारण ठंड का प्रभाव भी कम हो गया है। हवा की रफ्तार जरूर बढ़ गई है। कल शहर में 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी जबकि परसों हवा की रफ्तार 9 किलोमीटर प्रति घंटा की ही थी। इस तरह से हवा के कारण थोड़ा सा ठंड का एहसास होता है लेकिन यह एहसास भी ऐसा नहीं होता है कि इसके कारण व्यक्ति बेचैन हो जाए। तापमान में आ रहे इस परिवर्तन का असर आज सुबह भी नजर आया। आज सुबह 8:30 बजे शहर का तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस था। जबकि कल सुबह इसी समय पर यह तापमान 14 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह से सुबह के समय के तापमान में भी 2.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो गई है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि आज भी इंदौर का मौसम कुछ इसी तरह का बना रहेगा। आज भी लोगों को कोई बहुत ज्यादा ठंड का एहसास नहीं होगा और मौसम में गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। हवा की गति तेज रहेगी लेकिन तापमान तेजी से बढ़ता हुआ नजर आएगा।



## भागवत कथा में पहुंचे भाजपाइयों का स्वागत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मयूर नगर मूसाखेड़ी में हो रही भागवत कथा में भाजपाई गौरव रणदिवे, महेश पालीवाल पहुंचे तो उनका स्वागत पार्षद महेश बसवाल, मलखान कटारिया, जसराज शर्मा, प्रमोद रघुवंशी, केदारसिंह राजपूत, वीरेन्द्र ठाकुर, कान्हा धाकड़, चिंटू जायसवाल सहित अन्य ने किया।

## पार्षद लगवाएंगे कल समाधान शिविर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 4 के वार्ड 69 की पार्षद मीता रामबाबू राठौर द्वारा विधायक मालिनी गौड़ के मार्गदर्शन में कल 19 जनवरी सोमवार को बियाबानी हनुमान मंदिर के पास समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। पार्षदपति रामबाबू राठौर ने बताया कि इस शिविर में वृद्धा पेंशन, निराश्रित पेंशन, कल्याणी पेंशन, अविवाहित पेंशन, निशक्त पेंशन सहित अन्य योजनाओं के फार्म भराकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। लोन एवं संबल योजना के लिए फार्म भी भरे जाएंगे। राजस्व विभाग से संबंधित कार्य भी होंगे, जिनमें नामांतरण, सम्पत्ति कर में सुधार के निराकरण भी किए जाएंगे। कल यह शिविर सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक चलेगा। इसके लिए प्रभारी की जिम्मेदारी राजेश कल्याणे, राजेश पुरी को भी दी गई है। पार्षदपति रामबाबू राठौर भी पूरे समय मौजूद रहेंगे।

## विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने भी दी आर्थिक सहायता

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पूर्व में भी दूषित पानी से हुई मृत्यु और बीमार लोगों के परिजनों से मुलाकात करने भागीरथपुरा पहुंचे थे। कल लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आए तो उनके साथ भी उमंग सिंघार मौजूद थे। कल उमंग सिंघार ने भागीरथपुरा में मृतकों के परिजनों को 50-50 हजार रु. आर्थिक सहायता प्रदान की।

## भाजपा नेता ने कहा-मीटर आपरेटर ने धमकाकर की अभद्रता

देपालपुर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधायक मनोज पटेल के करीबी बनेडिया गांव निवासी भाजपा नेता अर्पित चौधरी ने मीटर आपरेटर के खिलाफ देपालपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और शिकायत में कहा कि मीटर रीडर ने उनके घर में अनधिकृत प्रवेश कर अभद्रता की तथा पूर्व में की गई शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर वैधानिक जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच उपरांत तथ्यात्मक आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

## युवा भाजपा नेता ने लगाया आरोप

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कांग्रेस विधायक ने महिलाओं के खिलाफ बयान में गलत शब्दों का इस्तेमाल किया तो उनके खिलाफ आक्रोष पूरे प्रदेश में भाजपा नेता जता रहे है। युवा भाजपा नेता निखिलकुमार व्यास ने भी विधायक के बयान की निंदा की और विधायक पद से इस्तीफा भी मांगा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से कहा कि ऐसे विधायक को पार्टी से निकाल देना चाहिए।

## कांग्रेस ने पूछा भागीरथपुरा में भाजपा और संघ ने क्या मदद की बताए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बयान जारी कर कहा कि दो दिन पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जो बयान दिया उसी पर कांग्रेस पलटवार कर रही है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जब 1999 में महापौर बने थे तब वे बिना कांग्रेस उम्मीदवार के प्रत्याशी के रूप में उतरे थे, फिर भी जैसे-तैसे महापौर बने थे और उसी के बाद उनका राजनीतिक सफर गतिमान बना था। कांग्रेस पर आरोप लगाने के पहले भाजपाई यह देखें कि वह क्या कर रहे हैं। द्विवेदी ने पूछा कि भाजपा और संघ यह बताए कि दल के माध्यम से भागीरथपुरा के मृतकों के परिजनों को और पीड़ित बीमारों को क्या आर्थिक मदद की, जबकि सभी मृतक और बीमार हिन्दू है, कोई बांग्लादेशी घुसपैठिये नहीं है, फिर भी आर्थिक मदद सीधे-सीधे भाजपा और संघ ने क्यों नहीं की। महापौर ने राजनीतिक दलों की बैठक क्यों नहीं बुलाई उनसे राय क्यों नहीं ली। प्रशासन को जल आपूर्ति के लिए निजी कम्पनी तक को अधिग्रहित करने का अधिकार है। जल आपातकाल उच्च न्यायालय ने घोषित कर रखा है क्या उस पर प्रशासन, नगर निगम, शासन ने अमल किया। द्विवेदी ने कहा जो केंद्र सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने की दंभ भरती है, तो फिर भागीरथ पुरा में क्या हुआ। आपदा अवसर पर मुफ्त इलाज का पाना होना चाहिए। कांग्रेस अगर मृतकों के परिजनों को दल की तरफ से 1-1 लाख की मदद कर रही है तो भाजपा एवं संघ दस दस लाख की करें क्योंकि उनके पास अरबों खरबों की संपत्ति है।

# सवा करोड़ के बनेंगे 26 स्मार्ट फिश पार्लर

## सरकार की योजना के तहत निर्माण के लिए निगम ने किया स्थान का चयन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्र में 26 स्मार्ट फिश पार्लर बनाए जाएंगे। यह कार्य राज्य सरकार की योजना के तहत किया जा रहा है। इसके लिए निगम के द्वारा स्थान के चयन का कार्य कर लिया गया है।**

मछली पालन सिर्फ नदियों, तालाबों और झीलों तक ही सीमित था लेकिन अब फिशरीज की आधुनिक तकनीकों के आ जाने से घर-घर में हेचरी लगाकर मछली पालन कर सकते हैं। मछली की बढ़ती डिमांड के बीच इस बिजनेस में भी मुनाफा बढ़ता जा रहा है। केंद्र सरकार ने मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना चलाई है। वहीं राज्य सरकारें भी अपने-अपने स्तर काम कर रही हैं।

इस कड़ी में मध्य प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला किया है। राज्य सरकार ने राज्य में 400 स्मार्ट फिश पार्लर खोलने की घोषणा की थी जिसके लिए 20 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। इस योजना का लाभ लेकर मछली पालक आने वाले समय में अच्छा मुनाफा कमा पाएंगे। इससे बाजारों में जमीन पर बैठकर मछली बेचने की चिंता खत्म हो जाएगी और आधुनिक फिश पार्लर के जरिए मछली की मार्केटिंग में आसानी होगी। एक आधुनिक मछली पार्लर बनाने के लिए 5 लाख रुपये खर्च होंगे। मध्य प्रदेश के मत्स्य पालन और मछुआ कल्याण विभाग के तहत शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतें आधुनिक फिश पार्लर तैयार करवाएंगी। राज्य सरकार की इस योजना के तहत इंदौर नगर निगम के द्वारा इंदौर शहर में 26 स्मार्ट फिश पार्लर खोलने का फैसला लिया गया है। उक्त फिश पार्लर का निर्माण करने के लिए ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस कार्य पर 1.30 करोड रुपए खर्च होंगे। चयनित किए गए ठेकेदार के द्वारा वर्क आर्डर दिए जाने के बाद 8 महीने में उक्त पार्लर तैयार कर देना होंगे। निगम के द्वारा इस कार्य के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। यह टेंडर 18 फरवरी को खोला जाएगा।

### इसी वर्ष मिलेगी सौगात

निगम की इस पहल के परिणाम स्वरूप इसी वर्ष 2026 में शहर को स्मार्ट फिश पार्लर की सौगात देने की कोशिश की जा रही है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि अभी जो योजना बनाई गई है उसके अनुसार इस वर्ष के अंत के पहले यह सभी फिश पार्लर शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही इंदौर पूरे प्रदेश में पहला ऐसा शहर होगा जहां पर इस तरह के व्यवस्थित फिश पार्लर आकार लेंगे।

# ये कैसी दीवानगी क्रिकटरों की झलक पाने के लिए फैंस ने कुचल डाले पौधे

## रेडिसन होटल पर जाम, हर रोज व्यवस्था सम्भालना मुश्किल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

क्रिकेटरों की एक झलक पाने के लिए बीते तीन दिनों से रेडिसन होटल के आसपास लोगों का हुजूम उमड़ रहा है, घंटे तक क्रिकेट प्रेमी यहां अपने पसंदीदा क्रिकेटर के लिए सड़क पर इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं साथ ही होटल से टीम के बाहर निकलने और बस से रवाना होने का इंतजार लोगों को रहता है इसी दौरान एक झलक क्रिकेटर की मिल जाए इसकी चाहत में क्रिकेट प्रेमी सब कुछ भूल रहे हैं। यहां लगी भीड़ के कारण 3 से 4 घंटे रोज सुबह शाम ट्रैफिक जाम हो रहा है इसके साथ ही क्रिकेट प्रेमियों की दीवानगी इस तरह है कि ग्रीन बेल्ट में लगे पौधों को भी कुचल डाला है।

रेडिसन चौराहे से बॉम्बे हॉस्पिटल की ओर जाने वाली सड़क पर बने डिवाइडर और उसे पर लगे सफेद फूलों के विदेशी पौधों को क्रिकेट प्रेमियों ने बेरहमी से कुचला, क्योंकि क्रिकेट टीम की एक झलक पाना था, इसके लिए वह साढ़े फीट ऊंचे डिवाइडर पर चढ़ गए। इधर पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था संभालने का प्रयास कर रही थी ताकि रेडिसन चौराहे पर आने वाले बड़े वाहनों को निकाला जा सके ताकि चौराहे पर ट्रैफिक जाम की स्थिति नहीं बने क्योंकि चारों ओर से सिग्नल खुलने पर भारी मात्रा में वाहन का दबाव रहता है, इसी प्रयास में डिवाइडर से लोगों को डंडे फटकार कर भी उतारा जा रहा था, लेकिन लोग सुनने वाले नहीं थे और डिवाइडर के ऊपर ही इधर-उधर दौड़ रहे थे, जिसके कारण यहां लगे सारे विदेशी पौधे कुचल दिए गए, जो पौधे खिले हुए थे वह जमीन में दब गए।

इसके अलावा पुलिस के लिए रेडिसन होटल की सर्विस रोड एवं मेन कैरिज के साइड में लोगों को नियंत्रित करना मुश्किल है इसके लिए पुलिस को रस्सा बांधना पड़ा इसके अलावा लोगों ने अपनी वहां बाइक सड़क पर पार्क कर दी और रेडिसन चौराहा के लेफ्ट टर्न से लेकर बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहे से कुछ पहले तक सड़क को पार्किंग बना डाला। सोशल मीडिया के इस दौर में भी क्रिकेट प्रेमियों के लिए क्रिकेटरों की एक झलक पाना ही जैसे सब कुछ हो गया हो जबकि सोशल मीडिया पर आज सब कुछ उनके बारे में उपलब्ध है। यहां लोगों की दीवानगी इस कदर भी है कि क्रिकेट टीम के होटल में जाने के बाद लोग खिड़कियों से उनकी झलक पाने का प्रयास करते हैं और कई घंटे तक यहां खड़े रहते हैं, उन्हें लगता है की खिड़की में आकर खिलाड़ी उनका अभिवादन करेंगे। 2 दिन पहले एक क्रिकेट प्रेमी तो विराट कोहली जैसा गेटअप बनाकर रेडिसन होटल के आस-पास घूम रहा था, लोगों को लगा कि यह विराट कोहली है, लोग आसपास जाकर फोटो खिंचवाने लगे लेकिन बाद में पता चला वह खुद विराट कोहली का प्रशंसक हैं और उसके जैसा गेटअप रखता है।

# मैच के पहले और बाद में चलेगा विशेष सफाई अभियान

### निगम आयुक्त ने सुबह जाकर स्टेडियम देखा और आसपास की स्थिति का जायजा लिया



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा आज होलकर स्टेडियम में होने वाले भारत और न्यूजीलैंड के मैच के पहले और बाद में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।**

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा इंदौर में उषा राजे स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट मैच के दृष्टिगत स्टेडियम परिसर के बाहर, आसपास के क्षेत्रों एवं निर्धारित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया गया। सिंघल द्वारा उषा राजे स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट मैच के समस्त प्रवेश द्वारों एवं पार्किंग स्थलों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेडियम परिसर, प्रवेश-निकास मार्गों तथा पार्किंग क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखे जाएं, ताकि दर्शकों द्वारा कचरा इधर-उधर न फैलाया जाएं और स्वच्छता बनी रहे। सिंघल ने निर्देशित किया कि यदि किसी भी स्थान पर संधारण अथवा मरम्मत संबंधी कार्य किया जा रहा हो, तो वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। ऐसे सभी स्थलों पर बैरिकेडिंग अनिवार्य रूप से की जाए, जिससे आम नागरिकों एवं दर्शकों की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो। यह भी निर्देश दिए गए कि मैच प्रारंभ होने के पूर्व तथा मैच समाप्ति के पश्चात स्टेडियम परिसर के आसपास, पार्किंग क्षेत्रों, सार्वजनिक शौचालयों एवं सीटीपीटी में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखते हुए नियमित मॉनिटरिंग करने तथा स्वच्छता से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि क्रिकेट मैच के दौरान आने वाले दर्शकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाएं।

# आयुक्त ने अधिकारियों से कहा चार दिनों में करो समस्या हल

### मामला वार्ड 43 का जहां निरीक्षण के दौरान आई थी पानी की समस्या, अधिकारी को नोटिस भी जारी किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम आयुक्त शिक्षित सिंघल ने कल 10 वार्ड क्रमांक 43 के अंतर्गत लक्ष्मीबाई मेमोरियल हॉस्पिटल एवं जैन दिवाकर कॉलेज क्षेत्र का निरीक्षण किया। झोनल और निगम अधिकारी के अलावा पीएचई अधिकारी भी मौजूद रहे। दौरा और बैठक के दौरान वार्ड 43 में पानी नहीं आने और जितना आता है उसमें दूषित पानी आने की शिकायत रहवासियों ने आयुक्त को की थी। आयुक्त ने जलप्रदाय के दौरान पानी में क्लोरीन की भी टेस्टिंग की गई। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा यशवंत क्लब पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया गया जहां से वार्ड क्रमांक 43 के क्षेत्र में जल वितरण किया जाता है। आयुक्त द्वारा क्षेत्र में पानी न आने और दूषित पानी आने की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए, जोनल अधिकारी और एचपी सहायक यंत्री को आगामी चार दिवस में समस्या का निराकरण करते हुए कार्य में लापरवाही करने पर पीएचई



सहायक यंत्री मनोज जैन को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

# रहवासी बोले-श्वान से लगता है डर

## बच्चे जाते हैं स्कूल उन्हें काट ना ले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

निपानिया रोड पर प्रतिदिन सुबह के समय आवारा श्वान की बढ़ती संख्या से स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से स्कूल समय के दौरान बच्चों, अभिभावकों एवं पैदल चलने वालों में भय का माहौल बना रहता है। कई बार श्वान के झुंड सड़क पर दौड़ते दिखाई देते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग को पूर्व में अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आवारा श्वान की मौजूदगी बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर



खतरा बनती जा रही है। निवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि निपानिया रोड क्षेत्र में आवारा श्वान पर नियंत्रण हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएँ, ताकि बच्चों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। रहवासियों ने यह भी बताया कि श्वान कई बार वाहनों के पीछे दौडते है जिससे भी वाहन चालक घबरा जाते है और उससे दुर्घटना का भय बना रहता है।



## भजन संध्या का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मां काली आशा गोरी भावना महिला मंडल ने भजन संध्या का आयोजन किया। प्रतियोगी आयोजन में मातृशक्तियों को उपहार भी दिए। ज्योति कामाख्या शर्मा, रश्मि शर्मा, सचिन वंदना त्रिवेदी, नंदिता शर्मा, आरती मिश्रा, प्रमिला शर्मा, चंद तिवारी, मलका यादव, अनामिका सेंगर, संतोष सोनी, कुसुम तोमर मौजूद थी।



## विद्यार्थियों को मिली विज्ञान प्रतियोगिता में सफलता

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शासकीय उर्दू मीडिल स्कूल चंदन नगर के आठवीं कक्षा के विद्यार्थी कहकशां और अब्दुल खान ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में माडल बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। उनकी सफलता पर परिजन सहित स्कूल के शिक्षकों ने बधाई दी है।



## जीवन प्रवाह ने तुलसी पौधों का वितरण किया

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संस्था जीवन प्रवाह के प्रकाश सोनी ने बताया कि महामंडलेश्वर दादू महाराज के अवतरण दिवस पर संस्था ने एक तुलसी दो पेड़ संकल्प सहित गुरु भक्तों को तुलसी पौधों का वितरण किया। पर्यावरण का संकल्प भी दिलवाया।



## चंदेल बलाई महासंघ में महामंत्री

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने मातृशक्तियों में जागरूकता दिखाने वाले निखिल चंदेल को महासंघ में नगर महामंत्री बनाया। कई दलित समाजजनों ने इस नियुक्ति पर बधाई दी और परमार को साधुवाद दिया।

# स्लीपर बसों पर नियम का शिकंजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



परिवहन विभाग ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर स्लीपर बसों पर कड़ा शिकंजा कसना शुरू कर दिया, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती की लगाम शुरू की गई। खासतौर से आग लगने की घटनाओं पर संज्ञान लेकर सघन चैकिंग अभियान परिवहन विभाग ने चलाया। विभाग ने दो दिनों में आधा दर्जन बसों पर कार्रवाई भी की। जो भी नियम है उसे सुरक्षा मानकों के साथ कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारी अर्चना मिश्रा, राजेश गुप्ता ने बस संचालकों की बैठक भी विगत दिनों आयोजित की थी, जिसमें दिशा-निर्देश भी दिए गए थे और कहा था कि अपनी बसों में एफडीएसएस लगवा कर सभी कमियां दूर करें। दो दिनों में तीन इमली क्षेत्र, राजीव गांधी सर्कल, चोइथराम रोड यहां तक कि बस यार्ड में भी जांच अभियान चलाया। कई बसों के अवैध पार्टिशन दरवाजे हटवाए गए। आपातकालीन उपकरण भी नहीं मिले उन पर भी कार्रवाई कर बसों में काम व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि अभी इंदौर में 489 स्लीपर बसें पंजीकृत है। इनमें से 70 से अधिक फिलहाल बसें संचालित नहीं हो रही है।

## चाइना डोर में उलझ गया कबूतर मुक्त करने के लिए हुए सफल प्रयास

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। एमजी रोड मृगनयनी के सामने बिजली के तार में चाइनीज मांझा पहले से उलझा हुआ था, उसमें एक कबूतर फंस गया और वह निकलने के लिए जितना पंख फड़फड़ाता रहा वह उतना ही उलझता चला गया। इस पर वहां के दो लोग साहिल और राजेश चौधरी जो बोलिया सरकार की छत्री के समीप रहते हैं उन्होंने इस फंसे हुए कबूतर को जैसे-तैसे चाइनीज मांझा से बाहर निकाला। घायल कबूतर को पानी भी पिलवाया, कबूतर को उड़ाने की कोशिश भी की, लेकिन घायल होने की वजह से उड़ नहीं पा रहा था, उसे सुरक्षित स्थान पर रखा।





## बैंड की महिलाओं ने दी गीतों की प्रस्तुति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

वुमेंस बैंड की महिलाओं ने गीतों की प्रस्तुतियां दी। मनीषा यादव, शोभना गुजराती, रश्मि अजमेरा, मनीषा जोहरी, हुसैना बुरहानीवाला, जयश्री राजदेव, प्रियंका जोशी, दीप्ति सोनी, प्रीति सोनी ने अपनी भूमिका निभाई।

## आज शाम धार रोड पर हिन्दू सम्मेलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सिरपुर धार रोड स्थित सिरपुर बस्ती में आज शाम 4 बजे से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में क्षेत्र के रहवासियों को परिवार सहित आमंत्रित किया है।

# कर्मवीर और कर्मशील संस्था ने किया सेवाकार्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं कर्मशील जन जागरूक संस्था से जुड़े प्रकाश मानावत ने बताया कि संत दादू महाराज के अवतरण दिवस पर सेवाकार्य का आयोजन किया। जिला अस्पताल में मरीज और परिजनों को फल वितरण, आयुष विभाग में वृक्षारोपण, चन्दन नगर की झुग्गी बस्ती में जरूरतमंदों को कपड़े व खाद्य सामग्री का वितरण, आंगनवाड़ी में जरूरतमंदों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया। प्रकाश मानावत, मोहित पारीक, मोनिक मालवीय, आंनद गंगराड़े, सुनील चौधरी, रमेश वर्मन, कमल सोनी, लकी शर्मा, राजेश यादव, इंदरसिंह चौधरी, सुनील मालवीय, कुसुम शर्मा, कविता शर्मा, सतीश औसतवाल, दीपक दुबे, शंकर पंवार, जितेन्द्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।



## आज मौनी अमावस्या पर पवित्र नदियों में स्नान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आज मौनी अमावस्या है और आज पवित्र नदी माँ नर्मदा और क्षिप्रा में श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। बड़वाह खेड़ीघाट, ओंकारेश्वर, महेश्वर और उज्जैन क्षिप्रा के लिए श्रद्धालुओं का कल रात से ही निकलने का क्रम जारी है। खंडवा रोड पर आज वाहनों की कतार देखी जा रही है। आज सुबह से कई लोग हरे छोड़ लेकर गौशाला भी पहुंचे। कई लोगों ने मंदिर पहुंचकर भगवान की पूजा आराधना भी की। आज घरों में धूप ध्यान का आयोजन भी किया जा रहा है।

## पूर्ति महोत्सव में दिव्य दर्शन यात्रा



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्रीनारायण भक्ति पंथ के श्रीश्रीनारायणपुरम तीर्थ में भगवान के स्वरूप पधारने के एक वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष पूर्ति महोत्सव आयोजन के अन्तर्गत दिव्य दर्शन एक दिवसीय यात्रा आज सुबह राजवाड़ा से प्रारंभ हुई। यह यात्रा इंदौर से श्रीनारायणपुरम तीर्थ शहादाधाम के लिए आयोजित की जा रही है।

## हॉर्स शो में देश भर के 225 घोड़े करेंगे शिरकत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। देवी अहिल्या हॉर्स सोसायटी द्वारा 24 एवं 25 जनवरी को इंदौर के गांधीनगर मैदान पर पहली बार सेंट्रल इंडिया हॉर्स शो का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में देश के 7 राज्यों से 225 से अधिक मारवाड़ी,नूकरा नस्ल के घोड़े शामिल होंगे। घोड़े की शान, चाल बनावट और प्रशिक्षण को लेकर कई प्रतियोगिताएं भी होंगी। इस हॉर्स शो में विश्व सुंदरी घोड़ी भी शामिल होगी जिसने सारंग खेड़ा के चेतक महोत्सव में मात्र 26 माह की उम्र में प्रथम विजेता के रूप में जीत हासिल की थी।

## नीना अग्रवाल को श्रद्धासुमन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल की धर्मपत्नी नीना अग्रवाल के निधन पर आज सुबह बालाजी सेवार्थ अखंड धाम योग केंद्र द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मौजूद सभी सदस्यों ने किया। उक्त जानकारी संतोष मित्तल ने दी।

## मंदिर में कल सुन्दरकांड पाठ, आज दरबार सजा



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर नवरत्न बाग में कल शनिवार को सुन्दरकांड का पाठ किया गया। कीर्तन भी हुए और देर रात महाआरती हुई। वहीं आज मौनी अमावस्या पर मंदिर को श्रृंगारित किया गया है। सभी भगवान की देवालय और मूर्तियों को विशेष सजावट की गई है। आज शाम महाआरती का आयोजन रखा गया है और प्रसादी वितरण भी होगा।




# इंडिया गेट की प्रतिकृति के समक्ष पहुंचे 600 विद्यार्थी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सेवा सुरभि के तत्वावधान में चल रहे 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' अभियान के अंतर्गत रीगल तिराहा पर रोजाना अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थी पहुंच रहे है। कल अल्पसंख्यक वर्ग के कई विद्यालयों के 600 विद्यार्थियों ने गांधी हाल से गांधी प्रतिमा तक तिरंगा यात्रा निकाली और इंडिया गेट की प्रतिकृति तक मार्च किया। विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगे झंडे भी थे। रैली को रामेश्वर गुप्ता, आलोक खरे, राजू सैनी, शफी शेख, फादर पायस,प्रो. असद खान और प्रणिता दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। ओमप्रकाश नरेडा, कुमार सिद्धार्थ, पंकज कासलीवाल, अनुराग जैन और कमल कलवानी भी मौजूद रहे। स्कूल की ओर से शफी शेख, सैयद इरशाद अली ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन ने किया आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन ने अपने स्थापना दिवस पर जाल सभागृह में 250 सदस्यों की मौजूदगी में ध्वजा रोहण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत कर आयोजन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज महापात्र ने उदबोधन दिया। संदीप बेहरे, राकेश दीक्षित, सुधाकर उर्ध्वार्शे, रमेश व्यास, प्रभात साहू, अनिल सुरवाडे, चंद्रशेखर चौहान, अजीत केतकर उपस्थित थे।



## क्षत्रिय मराठा सोश्यल ग्रुप का सम्मेलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** क्षत्रिय मराठा सोश्यल ग्रुप का अ.भा. परिचय सम्मेलन गांधी हाल में कल से शुभारम्भ के साथ शुरू हुआ जो आज भी जारी है। यह सम्मेलन आज शाम 5 बजे तक चलेगा। दो दिवसीय सम्मेलन में बडी संख्या में मराठा समाजजन पहुंचे। यह भी बताया कि कल पहले दिन ही परिचय पुस्तिका का वितरण हुआ तो उसी आधार पर समाजजनों ने वर-वधु की तलाश शुरू की और कई रिश्ते पर बात कल से ही शुरू हो गई। गिरीश चव्हाण, नमिता गरूढ़, रागिनी पवार विवेक कदम, अजय शुक्ला, रोहित जाधव, सम्भाजी गुंजाल एवं देवकीनंदन तिवारी, पूर्णिमा चव्हाण, कावेरी ढमढेरे मौजूद रहे।




## छात्रों के शिविर में कवि सम्मलेन




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सांदीपनि शा. मॉडल उ.मा.वि. महू की एन एस एस इकाई के ग्राम गवली पलासिया में आयोजित सात दिवसीय शिविर की सांस्कृतिक गतिविधि के अंतर्गत कवि सम्मेलन में महू के वरिष्ठ कवियों ने काव्य पाठ किया। बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने शिरकत की। धीरेन्द्र कुमार जोशी, द्रोणाचार्य दुबे, यश कौशल,मीनाक्षी यादव, दीपक जैसवानी आदि ने काव्य पाठ किया। धीरेन्द्र जोशी, मनोहर सोहनी, हरेन्द्र तोमर सहित अन्य मौजूद थे।

## श्री श्रीविद्याधाम का प्रकाशोत्सव कल से

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बिजासन रोड स्थित श्री श्रीविद्याधाम मंदिर का प्रकाशोत्सव गुप्त नवरात्रि पर 19 से 27 जनवरी तक आयोजित होगा। कल सुबह 9.30 बजे संग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ अनुष्ठान के साथ शुरुआत होगी। सुबह और शाम धार्मिक आयोजन होंगे। दोपहर में भी पाठ किए जाएंगे। आरती सुबह और शाम भी होगी। 24 जनवरी की शाम 5 बजे मां की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## पंचमुखी बालाजी धाम में होगी कलश स्थापना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मालवा मिल अनाज मंडी स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम मंदिर पर बसंत पंचमी पर शुक्रवार 23 जनवरी को लक्ष्मीनारायण मंदिर, पंचमुखी बालाजी मंदिर एवं शिव मंदिरों के शिखर पर कलश स्थापना का आयोजन होगा। कलश स्थापना के लिए दो दिवसीय इस महोत्सव में गुरुवार 22 जनवरी को शाम 7.30 बजे आरती के पश्चात सुंदर काण्ड के साथ कलश स्थापना का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। शुक्रवार 23 जनवरी को सुबह 10.15 बजे से विद्वान आचार्यों द्वारा पूजन के पश्चात 11 बजे कलश अभिषेक, दोपहर 12 बजे कलश स्थापना और दोपहर 1.15 बजे यज्ञ हवन के साथ कलश स्थापना की विधि परिपूर्ण होगी। शाम 7.30 बजे से मंदिर परिसर में भंडारा भी होगा।

## अग्रसेन यूथ क्लब का शपथ विधि समारोह



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अग्रसेन यूथ क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं सचिव सौरभ गोयल बालाजी सहित नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ विधि आयोजन अतिथि राजेश-सुनीता गर्ग केटी एवं हितेश-अर्पिता बिंदल के आतिथ्य में रिसोर्ट पर किया गया। राहुल गोयल बंटी, हितेश बिंदल, निकेत मंगल, संजय बांकडा, अतुल गर्ग, राजीव बांकडा, विनोद बागड़ी उपस्थित थे। नए संचालक मंडल में हितेश गोयल उपाध्यक्ष, मयूर अग्रवाल कोषाध्यक्ष, पुनीत गर्ग सह सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य अमल गोयल, सीए जयेश जिंदल, पार्थ बागड़ी, ऋतिक बद्रुका, रोहित अग्रवाल, सीए आयुष जिंदल, आदित्य अग्रवाल तथा मानद कार्यकारिणी में रीतेश मित्तल ने भी शपथ ग्रहण की।

## आदिनाथ भगवान को याद किया



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर,सैटेलाइट जंक्शन में कल भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। महेन्द्र जैन, प्रियंका जैन, प्रियम लवी जैन, प्रियांश जैन, लकी जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

## खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या होगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सांई मंदिर पुलिस लाइन छत्रीबाग में खाटू श्याम बाबा के जयकारों के साथ श्याम प्रेमी भजन संध्या का आयोजन 20 जनवरी की शाम 6 बजे से भजन संध्या करा रहे है। राजस्थान के भजन गायक प्रेमशंकर जाट, युवराजसिंह ठाकुर, मुकुल असनारे एवं इन्दौर की जिया परमार भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजक हितेश हरगांवकर ने उक्त जानकारी दी।





## स्थापना महोत्सव का समापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

उषा नगर स्थित गजासीन शनि धाम में चल रहे तीन दिवसीय स्थापना महोत्सव का समापन किया गया। शनि शांति यज्ञ में भी श्रद्धालुओं ने शिरकत की। अष्टांग आयुर्वेदिक कॉलेज द्वारा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर लगाया गया। सभी आयोजनों में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज का जन्मदिन भी मनाया। प्रसादी का वितरण किया गया, जिला अस्पताल और गरीब बस्ती में भी सामग्री वितरित की गई, पौधारोपण भी हुआ। महेन्द्र दुबे, महंत दिग्विजय दास, मोहन, राजू शास्त्री, अभिषेकानंद महाराज, विट्ठल गुरु मौजूद थे।

## 16 जैन मंदिर के पदाधिकारियों ने किया अभिनंदन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रीफल गौरव दिवस के दो दिवसीय कार्यक्रम ग्रेटर बाबा मे श्रवणबेलगोला से आए चारूकीर्ति भट्टारक स्वामी का दक्षिण क्षेत्र के 16 जैन मंदिरों के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कैलाश लुहाड़िया, दीपक पाटनी, गिरीश पाटोदी,गिरीश काला, नवनीत काका,डॉ.संजय जैन मौजूद थे।



# भोजशाला में अखण्ड पूजा के लिए सड़क पर उमड़ा सर्व हिन्दू समाज

## बसंत पंचमी के लिए आह्वान रैली मे पांच हजार वाहन और पंद्रह हजार से अधिक सर्व समाज के व्यक्ति शामिल हुए




धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)। भोजशाला मे मां सरस्वती जन्मोत्सव बसंत पंचमी शुक्रवार 23 जनवरी को निर्विघ्न और अखण्ड मनाने के लिए शनिवार को सर्व हिन्दू समाज के द्वारा हजारों की संख्या मे सर्व समाज ने बाइक आह्वान रैली निकाली जिसमे मां वाग्देवी के प्रति आस्था और विश्वास का जन-सैलाब देखते ही बन रहा था, क्या बुजुर्ग, क्या युवा, क्या महिला, क्या युवती सब के हाथो मे भगवा झंडे और होठो पर भोजशाला को लेकर नारा सुनाई दे रहे थे, लगभग पांच हजार दो पहिया, चार पहिया और ट्रेक्टर वाहनों पर पंद्रह हजार अधिक सर्व समाज के माता-बहने, पुरुष इसमें शामिल थे, धार नगर की सड़को पर सिर्फ और सिर्फ मां वाग्देवी के उपासक ही दिखाई दे रहे थे, और उनके मुख से चाहे जो मजबूरी हो, मां पूजा अखण्ड हो, खाली करदो रास्ते, भोजशाला के वास्ते, जय श्री राम जैसे उद्घोष ही सुनाई दे रहे है,धार की भोजशाला जिसे सर्व हिन्दू समाज महाराजा भोज द्वारा बनवाया मां सरस्वती का मंदिर मानता है, जहाँ आगामी 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी उत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस दिन मां सरस्वती जन्मोत्सव के अवसर पर अखंड पूजा की मांग को लेकर हिंदू समाज द्वारा एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया, हिंदू संगठनों और भोज उत्सव समिति ने 23 जनवरी को सूर्योदय से सूर्यास्त तक भोजशाला में अखंड पूजा की अनुमति मांगी है,इस वर्ष बसंत पंचमी शुक्रवार के दिन पड़ रही है, जिससे स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। हिंदू पक्ष पूरे दिन अखण्ड पूजा चाहता है, वहीं मुस्लिम पक्ष ने दोपहर 1 से 3 बजे तक नमाज की अनुमति मांगी है, प्रशासन अलर्ट और सुरक्षा की दृष्टि से शांति बनाए रखने के लिए धार में लगभग 8,000 सुरक्षाकार्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही, भोजशाला परिसर के 300 मीटर के दायरे को 'नो-फ्लाई जोन' घोषित किया गया है, जहाँ ड्रोन और अन्य उड़ने वाली वस्तुओं पर प्रतिबंध है,उत्सव के तहत भोजशाला में अखंड हवन और पूजन की तैयारियाँ चल रही हैं। संतों ने इसे 'मध्य प्रदेश की अयोध्या' बताते हुए समाज से बड़ी संख्या में जुटने का आह्वान किया है, रैली नगर के पीजी कॉलेज ग्राउंड से आरंभ , त्रिमूर्तिनगर चौराहा, TVS चौराहा, महाजन रोड,भोज हॉस्पिटल, घोड़ा चौपाटी, झंडा चौपाटी नौगांव, हटवाड़ा, मोहन टॉकीज, पिंडरवाडी, धानमंडी, भाजी बाजार, बस स्टैंड, नालछा दरवाजा, पो चौपाटी, राजवाड़ा, आनंद चौपाटी, जवाहर मार्ग, धानमंडी, रघुनाथपुरा, हटवाड़ा, छतरी चौराहा, धारेश्वर मार्ग , होते हुए अखंड ज्योति मंदिर पर समापन किया गया।



## शेफाली पर किया था किसी ने काला जादू

### पति पराग त्यागी बोले- 'बहुत से लोग नहीं मानते'

**शेफाली** जरीवाला अब भले ही इस दुनिया में नहीं हैं। उनकी मौत फैंस के लिए सदमा थी। अब हाल ही में पति पराग त्यागी ने शेफाली की मौत का सच बताया है। कांटा लगा गर्ल' के नाम से मशहूर एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनके निधन की खबर सुनकर हर कोई सदमे में चला गया था। शेफाली की मौत के बाद हर कोई यही कयास लगा रहा था कि इतनी कम उम्र में ये सब कैसे हो गया। जिसके बाद डॉक्टर की रिपोर्ट आई कि उसमें खुलासा हुआ कि एक्ट्रेस को कार्डियक अरेस्ट आया है। लेकिन अब एक बार फिर से उनके पति पराग त्यागी ने एक्ट्रेस की मौत की वजह का खुलासा कर दिया है।

हाल ही में पराग, एक्टर पारस छाबड़ा के पॉडकास्ट में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान पराग ने खुलासा किया कि शेफाली जरीवाला पर काला जादू किया गया था। पराग ने इस पॉडकास्ट में बताया कि उन्हें भी लगता है कि शेफाली पर किसी ने काला जादू किया था। उन्होंने ये भी कहा कि लोग इन बातों में नहीं मानते, लेकिन वो इन बातों पर पूरी तरह से भरोसा करते हैं।

पराग ने बातचीत के दौरान कहा, 'जहां भगवान होते हैं, वहां पर शैतान भी होते हैं और लोग आजकल अपने दुख से ज्यादा दुखी नहीं हैं बल्कि दूसरों के सुख से ज्यादा दुखी हैं। मुझे लगता नहीं है, मुझे पता है कि किसी ने किया है। मैं ये नहीं बोल सकता हूं कि किसने किया है, लेकिन मुझे महसूस होता है कि कुछ तो गड़बड़ है। एक बार नहीं बल्कि दो बार ऐसा हुआ है। एक बार तो निकल गए, लेकिन इस बार वो थोड़ा हेवी रहा या जो भी है। मुझे आइडिया नहीं है कि क्या हुआ है, मैं जब भक्ति में बैठता हूं तो मुझे महसूस हो जाता है कि कुछ तो गड़बड़ है।'

पराग के इस जवाब से लगता है कि उन्हें वाकई में इस बात पर पूरी यकीन है कि उनकी परी यानी कि शेफाली जरीवाला उम्र से पहले ही चली गई हैं। बता दें कि शेफाली का निधन 27 जून 2025 को हुआ था। शेफाली के निधन के बाद से ही पराग हमेशा उन्हें याद करते रहते हैं। उन्होंने शेफाली के चेहरे का एक बड़ा सा टैटू भी अपने सीने पर बनवाया है।

## फ्लोरल ड्रेस में मलाइका अरोड़ा ने मां संग दिए जमकर पोज



**मलाइका** अरोड़ा 52 की उम्र में अपने लुक से सभी को इंप्रेस कर देती हैं। इस बार भी उनका लुक काफी इंप्रेस करने वाला है। उनकी नई फोटोज सामने आईं हैं। मलाइका अरोड़ा को देखकर कोई उनकी उम्र का अंदाजा नहीं लगा सकता है। वो 52 की उम्र में भी आज की एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं। मलाइका आज अपनी मां के साथ स्पॉट हुईं। जहां पर वो बला की खूबसूरत लग रही थीं। मलाइका अरोड़ा अपनी मां के स्पॉट हुईं। उन्होंने मां के साथ जमकर पोज दिए। मलाइका की मां के लुक की बात करें तो उन्होंने रेड और ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई थी। इसके साथ हमेशा की तरह बड़ी रेड बिंदी लगाए हुए नजर आईं। मलाइका के लुक की बात करें तो उन्होंने फ्लोरल आउटफिट पहना हुआ था। क्रॉप टॉप और स्कर्ट में मलाइका बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को रेड लिप्स्टिक से कंप्लीट किया। ओपन हेयर और लाइट मेकअप में मलाइका बला की खूबसूरत लग रही थीं। उनका ये लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। उनकी इन तस्वीरों से फैंस की नजरें नहीं हट रही हैं। एक फैन ने लिखा- कोई इतना खूबसूरत कैसे हो सकता है। वहीं दूसरे ने लिखा- उफ्फ मलाइका।

रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट में बतौर जज नजर आ रही हैं। जहां पर लोग उन्हें बहुत प्यार करते हैं और पसंद कर रहे हैं।

## संपादकीय

# युवा देश, घटते मौके- क्या बढ़ती बेरोजगारी रोक रही है 'विकसित भारत 2047' की राह?

देश में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8 प्रतिशत पहुंच गई है। शहरी क्षेत्रों में हालात ज्यादा चिंताजनक हैं। क्या मौजूदा रोजगार संकट विकसित भारत के लक्ष्य पर असर डालेगा? देश में पिछले कुछ वर्षों से बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। इससे बड़े स्तर पर युवा श्रम शक्ति का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है और यह राष्ट्र के संपूर्ण विकास में भी अवरोध पैदा कर रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था को तभी संतुलित माना जाता है, जब उसमें आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हों। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुल कार्यबल तथा जनसंख्या के लिहाज से भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। यहां युवाओं की आबादी अन्य देशों की तुलना में अधिक है। मगर इस कार्यबल को व्यापक रूप से राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी के समान अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। इसका आकलन केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी रपट से किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि देश में पंद्रह वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर पिछले वर्ष दिसंबर में बढ़कर 4.8 फीसद पर पहुंच गई, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 4.7 फीसद था। शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी का असर ज्यादा रहा, जहां इसकी दर नवंबर में 6.5 फीसद से बढ़कर 6.7 फीसद हो गई। इससे स्पष्ट है कि सरकारी और निजी संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर घट रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसी योजनाओं की शुरुआत की गई है, लेकिन इनका असर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग रहा है। कई युवा और श्रमिक वर्ग अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। कृत्रिम मेधा और डिजिटलीकरण के कारण भी रोजगार में कमी आई है। हालांकि, डिजिटल क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं, लेकिन इनमें भी विशेष कौशल की आवश्यकता होती है, जो हर किसी के पास नहीं है। इसमें दोराय नहीं कि रोजगार की मांग के अनुपात में सरकारी नौकरियों की संख्या में वृद्धि नहीं हो पा रही है। इसके अलावा, सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और परीक्षा प्रणाली के मुद्दे भी रोजगार हासिल करने के समान अवसरों को प्रभावित करते हैं। हालांकि आंकड़ों के हिसाब से देखें तो शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में राहत की बात यह है कि वहां पिछले वर्ष नवंबर से दिसंबर के बीच बेरोजगारी दर 3.9 फीसद पर स्थिर है। दरअसल, किसी भी देश में संपूर्ण आर्थिक विकास तभी संभव हो पाता है, जब सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो, प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी तथा गरीबी, भुखमरी और सामाजिक असमानता में कमी आए तथा रोजगार की उपलब्धता और प्रति व्यक्ति खुशहाली हो। विकास का माडल ऐसा होना चाहिए, जिसमें रोजगार के अवसर, गरीबों का उत्थान और किसानों की समृद्धि सुनिश्चित हो सके तथा महंगाई की दर कम रहे। सवाल है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, क्या मौजूदा परिस्थितियों की लिहाज से उसे तय समय में हासिल किया जा सकेगा!

# जिस पर थी सुरक्षा की जिम्मेदारी वही निकला चोर

### लिफ्ट कंपनी के गार्ड ने उड़ाया 80 हजार का सामान सीसीटीवी ने खोली पोल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तिलक नगर थाना क्षेत्र में विश्वासघात और चोरी का एक मामला सामने आया है। रिंग रोड स्थित एक प्रतिष्ठित कंपनी में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात कर्मचारी ही वहां रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर रहा था। कंपनी के ऑडिट के दौरान जब स्टॉक कम मिला, तो सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें गार्ड की करतूत उजागर हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, स्कीम नंबर 78 निवासी फरियादी दीपक सनोटिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी 'जॉनसन लिफ्ट ग्लोबल पैराडाइज' स्कीम नंबर 94, रिंग रोड में कार्यरत हैं। हाल ही में जब कंपनी द्वारा मटेरियल ऑडिट किया गया, तो स्टोर से काफी सामान कम पाया गया। अधिकारियों को संदेह हुआ कि बिना किसी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश के इतना सामान गायब होना नामुमकिन है।संदेह होने पर जब स्टोर और परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, तो वहां सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने वाला पवन गाडगे चोरी करते हुए साफ नजर आया। आरोपी पवन, मयूर नगर इंदौर में रहता है और मूल रूप से खरगोन जिले के ग्राम छालपा का निवासी है। वह ड्यूटी के दौरान मौका पाकर समय-समय पर स्टोर से सामान चोरी कर बाहर ले जाता था।

आरोपी ने स्टोर से फिलर वेट लीड (3 नग), लोड टेस्ट के लिए इस्तेमाल होने वाले 10 किलो के 7 फिलर वेट, ब्रेक कॉइल (4 नग), ट्रांसफार्मर (2 नग), व्हील साफ्ट (1 नग) और आरआर कॉइल (3 नग) चोरी किए थे। चोरी गए इस कुल मटेरियल की कीमत करीब 80,000 रुपये बताई जा रही है। तिलक नगर पुलिस ने आरोपी पवन गाडगे के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है और चोरी किया गया माल बरामद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



# 70 बिजली कर्मियों को विद्युत सुरक्षा प्रशिक्षण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीक्षण अभियंता डॉ. डीएन शर्मा के मार्गदर्शन में इंदौर ग्रामीण संभाग के 70 बिजली कार्मिकों का विद्युत सुरक्षा प्रशिक्षण, रोको टोको अभियान संचालन साउथ तुकोगंज स्थित होटल में आयोजित किया गया। अधिकारी मनेन्द्र गर्ग, किशोर मोरे, शैला कामटे ने विद्युत सुरक्षा, नियम पालन, सुरक्षा उपकरणों के उचित तरीके से उपयोग, सतर्कता, स्वास्थ्य की देखभाल, प्राथमिक उपचार, सीपीआर देने इत्यादि के बारे में विचार रखे। सुरक्षा नियम पालन की शपथ भी ली गई। इस दौरान रोको टोको अभियान के बारे मे भी बताया गया। शालिनी धनगर, रुचि ठाकुर ने भी अपनी भूमिका निभाई।

# हंसदास मठ पर कल से लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

### बसंत पंचमी पर ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एयरपोर्ट रोड पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ के लोकार्पण दिवस के उपलक्ष्य में 19 से 23 जनवरी तक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का अनुष्ठान हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सान्निध्य में होगा। मठ स्थित भगवान रणछोड़जी एवं चिंताहरण पंचमुखी हनुमानजी को समर्पित यह अनुष्ठान प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञाचार्य पं. विवेक कृष्ण शास्त्री के निर्देशन में विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। बसंत पंचमी 23 जनवरी को सुबह 9 बजे से ब्राहमण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी होगा। मठ के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि इस उपलक्ष्य में मठ को पुष्पों एवं विद्युत सज्जा से श्रृंगारित किया गया है। कल सोमवार 19 जनवरी को सुबह 8.30 बजे मठ स्थित यज्ञशाला में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारम्भ होगा। यज्ञ के यजमान समूह में श्रीमती वर्षा शर्मा, अनंत महंत एवं विनोद कुमार जोशी मनोनीत किए गए हैं।

# ताश पर दांव लगाते सात जुआरी पकड़े

**इंदौर।** चंदननगर क्षेत्र में खुलेआम ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे सात लोगों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान मौके से हजारों रुपए नगदी और ताश पत्ते जब्त किए हैं।

चंदननगर थाना क्षेत्र में व्यास नगर स्थित बीएसएफ बाउंड्री के पास पुलिस टीम ने दबिश दी। यहां कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। मौके से लखन कोठे, सचिन सूमन, दीपक लोधी, मनीष पीपले, हेमंत मालाकार और मनीष कोटवानी समेत कुल सात आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 22 हजार 700 रुपए नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए। मामले में जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा में आज आयोजन

**इंदौर।** सुभाष नगर परदेशीपुरा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा सुभाष नगर परदेशीपुरा स्थित पीस पैलेस में आज प्रातः11 बजे संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के पुण्य स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में श्रद्धा, साधना एवं शांति संदेश के साथ मनाया जा रहा है। सेवा केन्द्र की संचालिका ममता दीदी ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः अमृत वेला से गई। अमृत वेला में विशेष तपस्या, राजयोग मेडिटेशन एवं मौन साधना का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी बहनें, भाई एवं नागरिक भाग लेंगे। त्ता वेला से ही लिया।

## टीआई की पार्किंग में साउण्ड बजाने पर कार्रवाई

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** तुकोगंज थाना क्षेत्र के ट्रेजर आइलैण्ड मॉल की पार्किंग में साउण्ड बजाने पर पुलिस ने 5 युवाओं पर कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक विशालसिंह परिहार ने बताया कि बिना अनुमति के ऐरा जैन, वंश ओझा, हन्नान सैयद, राहुल मेहरा और कृपाल सिंह पर कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक युवा स्टंट भी कर रहे थे।

# शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर दंपति से लाखों की ठगी

### सेबी रजिस्टर्ड ट्रेनर बनकर जालसाज ने लगाया चूना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहाँ एक जालसाज ने खुद को शेयर मार्केट और क्रिप्टो का विशेषज्ञ बताकर एक दंपति को निवेश के नाम पर लाखों रुपये का चूना लगा दिया। ठग ने खुद को सेबी से रजिस्टर्ड प्रशिक्षक बताकर फरियादी का भरोसा जीता और मुनाफे का झांसा देकर विभिन्न बैंक खातों में राशि ट्रांसफर करवा ली। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक सिंगापुर नेस्ट कैलोद हाला निवासी सौरभ खिची ने इस धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। सौरभ ने बताया कि जून 2025 में उनके पास कुमार वीसी नामक व्यक्ति का फोन आया था, जिसने खुद को शेयर मार्केट और क्रिप्टो करेंसी का सर्टिफाइड ट्रेनर बताया। आरोपी ने लुभावनी निवेश स्कीमों का हवाला देते हुए वादा किया कि वह न केवल निवेश करवाकर भारी मुनाफा कमा कर देगा, बल्कि शेयर बाजार की बारीकियां और कोर्स भी सिखाएगा। विश्वास जगाने के लिए आरोपी ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी, मोबाइल नंबर और ई-मेल जैसी जानकारियां भी साझा की थीं।?जालसाज के झांसे में आकर सौरभ और उनकी पत्नी देविका खिची ने बेहतर रिटर्न की उम्मीद में निवेश करना शुरू कर दिया। आरोपी ने समय-समय पर दंपति को झांसा देकर उनके बैंक खातों से मोटी रकम अपने और अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करवा ली। जब निवेश की गई राशि और मुनाफे को वापस पाने का समय आया, तो आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी और संपर्क काट लिया। ठगी का अहसास होने पर दंपति ने पुलिस की शरण ली। लसूड़िया पुलिस अब उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की पड़ताल कर रही है, जिनके माध्यम से लाखों रुपये की यह हेराफेरी की गई है।

# यातायात जागरूकता कार्यक्रम

## नियम मानने वालों को फूल, पेन और चॉकलेट प्रदान की

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शहर के यातायात को सुगम, सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इन कार्यक्रमों में स्कूल, कॉलेज, संस्थाएं एवं कॉरपोरेट कंपनियां भी सक्रिय रूप से सहभागिता कर सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में अपना योगदान दे रही हैं। इसी क्रम में कल गीता भवन चौराहा पर पुलिस के सहयोग से विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यातायात नियमों का पालन करने वाले जिम्मेदार वाहन चालकों को फूल, पेन की चेन एवं चॉकलेट भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें सकारात्मक संदेश गया और अन्य वाहन चालकों को भी नियमों के पालन के लिए प्रेरणा मिली। वहीं, नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों को प्रेमपूर्वक समझाइश देकर सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर वाहन चालकों ने भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया और हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, मोबाइल का उपयोग न करने एवं सुरक्षित ड्राइविंग करने का आश्वासन दिया। संजेश महतो, शिवराज सिंह चौहान, सुशील शर्मा, सुल्तान अहमद खान, राहुल गुप्ता उपस्थित रहे।

## तिविषा और हर्षवर्धन को दोहरी सफलता



**इंदौर।** सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 17वीं योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा में तिविषा जैन ने 13वर्ष बालिका एकल और रिद्धिमा सूद के साथ 15वर्ष बालिका युगल एवं हर्षवर्धन सिंह ने 13 और 15वर्ष बालक एकल खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की । 17वर्ष बालिका एकल में मिश्का गुप्ता, 17 वर्ष बालक एकल में मेहर आनंद, 15वर्ष बालिका एकल में उज्जैन की श्रेया अंग्रवाल, 11वर्ष बालक वर्ग में धार के अदविक जैन और 11वर्ष बालिका वर्ग में पहल चढोकर विजेता रही, खंडवा की किआरा दासगुप्ता ने 9वर्ष बालिका और धार के लवांश पटोदिया ने 9वर्ष बालक (कोंपल) आयु का खिताब जीता, अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) इंदौर पुलिस अधीक्षक, साइबर विशेषज्ञ राजेश दंडोतिया ने पुरस्कार वितरण किया ।

अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में हुई इस स्पर्धा में तिविषा जैन और हर्षवर्धन सिंह को वरिष्ठ पत्रकार राहुल बारपुते स्मृति सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार मिला, नायशा पुरोहित को विशेष पुरस्कार दिया गया । 13वर्ष बालिका एकल फाइनल में तिविषा जैन ने दूसरे क्रम की ध्याशी गुरसहानी को 21-9, 21-11 से हराकर दूसरा उलटफेर किया । 15वर्ष बालिका युगल फाइनल में रिद्धिमा सूद और तिविषा जैन ने अद्वितिया शर्मा और गिरिजा जाधव को 21-17,21-9 से पराजित किया, तिविषा जैन 15वर्ष बालिका एकल फाइनल में उज्जैन की श्रेया अंग्रवाल से 9-21,14-21 से हार गई। तिविषा के साथ ही हर्षवर्धन सिंह भी तीन वर्गों के फाइनल खेले। हर्षवर्धन सिंह ने 13वर्ष बालक एकल फाइनल में अर्णव गौर को 21-10, 21-14 से और 15वर्ष बालक एकल फाइनल में रोशन जिबिन को 21-9,21-11 से हराया।

# अमित योगेश, राहुल, मिलिंद अगले दौर में



**इंदौर।** मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी द्वारा आयोजित द्वितीय राज्य मास्टर्स रेंकिग टेबल टेनिस स्पर्धा में पुरूष 40 आयु वर्गो में उज्जैन के अमित पाल, भोपाल के योगेश सोनी व इंदौर के राहुल जैन एवं मिलिंद लायत अगले दौर में पहुंचे।

अभय प्रशाल में आयोजित मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा में पुरूष वर्ग के 40 आयु वर्ग में अमित पाल (उज्जैन) ने इरफान शैक (इंदौर) को 3-1 से, योगेश सोनी (भोपाल) ने कुनाल दुर्वे (इंदौर) को 3-1 से, राहुल जैन (इंदौर) ने रोहित गुप्ता (जबलपुर) को 3-0 से, मिलिंद लायत (इंदौर) ने अजय राज सिंह (नीमच) को 3-0 से, वही महिला वर्ग में संध्या सोमानी ने अर्चना राठौर (दोनो भोपाल) ने 3-0 से, शिखा महाडीक (इंदौर) ने रेशमा संजीव (भोपाल) को 3-0 से, मनिषा कटारिया ने छाया जाधव (दोनो इंदौर) को 3-0 से तथा समृति मिश्रा (भोपाल) ने कृष्णा जायसवाल (इंदौर) को 3-1 से हराया।

पुरूष 50 आयु वर्ग के लीग मुकाबलों में किशौर मोटवानी (इंदौर) ने कैलाश विश्वकर्मा (छिंदवाडा) को 3-0 से, विशाल अरोरा ने अनिल शाह (दोनो इंदौर) को 3-1 से, मनोज सोनगरा ने तेजंदर सिंह (दोनो इंदौर) को 3-0 से, प्रभाकर राव (रतलाम) ने हिमांशु कंसल (इंदौर) को 3-0 से मात दी। पुरूष 60 आयु वर्ग के लीग मुकाबलों में रविन्द्र बग्गा (ग्वालियर) ने वसंत तारेय (इंदौर) को 3-0 से, मनोज सोनी ने राजीव मिश्रा (दोनो इंदौर) को 3-0 से, एस.टी दहीवासे (नरसिंहपुर) ने संजय शर्मा (इंदौर) को 3-0 से, अनिल वैष्णव (नरसिंहपुर) ने जी.एस.प्रसन्ना (भोपाल) को 3-0 से शिकस्त दी।

## लगातार दूसरी बार आईडीसीए के अध्यक्ष बने आकाश विजयवर्गीय




**इंदौर।** पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय को सभी सदस्यों ने मंजूरी देते हुए एक बार फिर संभागीय क्रिकेट संगठन इंदौर की कमान सौंपी दी है।

शनिवार को जिमखाना मैदान वार्षिक साधारण सभा हुई। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय को एक बार फिर सभी सदस्यों ने पूर्ण सहमति देते हुए अध्यक्ष बने रहने को कहा । यह उनका दूसरा कार्यकाल होगा। आईडीसीए की नई कार्यकारिणी तय करने के लिए उन्हें पूरे अधिकार सभी सदस्यों ने दिए है। जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन होगा।

जिला स्तर व महिलाओं के क्रिकेट को बढ़ावा देना प्राथमिकता

अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय ने बताया कि हमने पिछले सालों में जिला स्तर और महिलाओं के क्रिकेट को बढ़ावा देना का प्रयास किया है। हाल ही में अंतर जिला क्रिकेट स्पर्धा भी कराई है और महिलाओं के लिए भी कई प्रतियोगिताएं करा रहे है। अब हम स्कूली क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए स्कूल टूर्नामेंट भी करवाएंगे। इस अवसर पर एमपीसीए की ओर से आब्र्जवर के रूप में प्रसून कमनडीकर, चेयरमैन संजय लुणावत, सुखदेव सिंह घुम्मन, गुड्डा यादव, देवेंद्र परमार, सुबोध गुप्ता, सुशीम पगारे, अमिताभ विजयवर्गीय, सहित कई वरीष्ठ सदस्य मौजूद थे।

# फिर होंगे चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मुकाबले

**बेंगलुरु।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों की मेजबानी करने की कर्नाटक सरकार के गृह विभाग से आधिकारिक मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी कुछ खास शर्तों और नियमों के पूरा होने के बाद ही मिलेगी, जिन्हें सरकार और अन्य संबंधित अधिकारियों ने तय किया है।

केएससीए ने पहले ही एक्सपर्ट रिव्यू कमेटी को एक विस्तृत अनुपालन रोडमैप सौंप दिया है। इसमें उन्होंने सुरक्षा, बचाव और भीड़ प्रबंधन के सभी जरूरी नियमों का पालन करने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। केएससीए के आधिकारिक प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने बताया कि एसोसिएशन सभी तय किए गए उपायों को पूरी तरह से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। केएससीए के अध्यक्ष बी. के. वेंकटेश प्रसाद जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके इस बारे में और जानकारी देंगे।

यह मंजूरी ऐसे समय में आई है जब 4 जून को 11 लोगों की दुखद मौत के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम को सभी क्रिकेट गतिविधियों के लिए बंद कर दिया गया था। उस घटना के कारण महिला विश्व कप के मैच, जिनमें फाइनल भी शामिल था, किसी दूसरे वेन्यू पर शिफ्ट करने पड़े थे। इसके अलावा, आईपीएल 2026 के लिए आरसीबी को अपने वेन्यू के तौर पर नवी मुंबई और रायपुर को फाइनल करना पड़ा था। उस घटना के बाद कई गिरफ्तारियां हुई थीं और टीम मैनेजमेंट से भी सवाल-जवाब किए गए थे, खासकर तब जब पुलिस ने शुरुआत में परेड की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में स्थिति थोड़ी नरम पड़ी है।

इस बीच, केएससीए के अध्यक्ष प्रसाद ने राज्य में आईपीएल को वापस लाने का दृढ़ निश्चय किया था। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं। सिर्फ दो दिन पहले, आरसीबी ने स्टेडियम में ऐ-आधारित कैमरों की स्थापना की घोषणा की थी। ये कैमरे फैंस की आवाजाही को नियंत्रित करने में मदद करेंगे। इस कदम ने स्टेडियम को फिर से मंजूरी मिलने की संभावना को काफी बढ़ा दिया।

अब यह देखना बाकी है कि क्या इस साल बेंगलुरु अपने सभी घरेलू मैच चिन्नास्वामी में खेलेगा या कुछ मैच शहर के बाहर खेले जाएंगे। आईपीएल शुरू होने में बस दो महीने से थोड़ा ज्यादा समय बचा है, इसलिए फ्रेंचाइजी आने वाले दिनों में इस बारे में स्पष्टता देने की उम्मीद है।

# इंदौर के स्कोरर चलाएंगे वनडे मैच का स्कोर





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट




भारत एवं न्यूजीलैंड के मध्य रविवार को इंदौर में होने वाले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में इंदौर के ही बीसीसीआई स्कोरर नियुक्त किए गए है, जिसमें डीएल मैनेजर इंदौर के सीनियर स्कोरर दत्ता वराट, प्रेस बाक्स स्कोरर मयंक थनवार, स्कोर बार्ड स्कोरर जयंत वानखेडे मुख्य स्कोरर ग्वालियर के सुनील गुप्ता एवं इंदौर के अमित पारखे होंगे । सभी स्कोरर की इस उपलब्धि पर इंदौर संभाग के मुख्य संरक्षक कैलाश विजयवर्गीय, अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय, चैयरमेन संजय लुणावत, सचिव देवाशीष निलोसे, पूर्व सचिव अमिताभ विजयवर्गीय तथा समस्त पदोधिकारियों द्वारा बधाई एवं शुभमकामनाएं प्रेषित की गई साथ ही आइडीसीए के मैनेजर क्रिकेट ऑपरेशन सुधीर रसाल ने भी बधाई प्रेषित की।

# टिकट नहीं फिर भी सुबह से स्टेडियम के पास जमा क्रिकेट प्रेमी

## जिनके पास टिकट वे भी स्टेडियम में प्रवेश के लिए सुबह से पहुंच गए, दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा मैच, सुबह से ही कतार लगना शुरू हो गई थी



**इन्दौर ।** आज दोपहर से होलकर स्टेडियम में होने वाले भारत और न्यूजीलैंड के मुकाबले को लेकर इंदौर में माहौल पूरी तरह से क्रिकेट में हो चुका है। वनडे का यह तीसरा मुकाबला इसलिए भी खास है, क्योंकि 1-1 से दोनों टीमें बराबर पर हैं और यह मैच निर्णायक होगा । मैच दोपहर 1.30 बजे से है, लेकिन स्टेडियम में प्रवेश करने के लिए टिकट धारी सुबह से ही कतार बनाकर खड़े होने लगे थे। कई टिकटधारी शहर के बाहर से भी आए है तो कुछ आस-पास के राज्यों से भी आए है। कल भी दर्शक भारी संख्या में प्रैक्टिस मैच देखने के लिए भी होल्कर स्टेडियम के पास जमा हो गए थे। जब टीम स्टेडियम से निकली तो बस रोकने की कोशिश की गई।

क्रिकेट प्रेमी खासकर युवा दूर-दूर से मैच देखने के लिए आए हैं। जबलपुर से खास तौर पर विराट कोहली की एक झलक पाने आए कुछ युवा मिले, जिन्होंने बताया कि उन्हें रात भर जागने पर भी टिकट नहीं मिल पाया । लेकिन, वह एक बार विराट कोहली की झलक पाना चाहते हैं बस इसलिए स्टेडियम के बाहर उनका इंतजार कर रहे हैं।

वहीं, खंडवा से आए कुछ युवाओं ने बताया कि हर बार मैच देखते हैं, लेकिन इस बार क्रेज इतना है कि उन्हें टिकट ही नहीं मिल पाया, इसलिए वह प्रैक्टिस मैच के दौरान रोहित और विराट कोहली को खेलते देखने आए हैं। क्रिकेट प्रेमी राम माधव कहते हैं कि उन्हें बस रोको (रोहित-विराट) को खेलते हुए देखने का इंतजार है। शायद इंदौर में उनका आखिरी मैच होगा । इसे वो यादगार बनाना चाहते हैं। इंदौर स्टेडियम में विराट कोहली या रोहित शर्मा शतक लगाएंगे ।

?इंदौर मैच के लिए पूरी तरह तैयार होलकर स्टेडियम में तैयारियां पूरी कर दी गई हैं। कल प्रेक्टिस देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ स्टेडियम के बाहर जमा हो गई थी। खासकर लोग जिन्हें मैच का टिकट नहीं मिल पाया, वे प्रैक्टिस मैच देखकर ही इसे याद के रूप में संजोना चाहते थे, लेकिन उन्हें मायूसी हाथ लगी।

होलकर स्टेडियम में ब्लैक कॉटन सॉइल से पिच तैयार की गई है । यह मालवा की अपनी मिट्टी पर बनी पिच हैय् पिच एक्सपर्ट का मानना है कि ओस के कारण मैच पर असर पड़ सकता है, जो भी टीम बाद में बैटिंग करेगी, उसे थोड़ा एडवांटेज मिल सकता है।

# अपने अभेद किले को और मजबूत करना चाहेगी टीम इंडिया

## आज तक इंदौर में कोई वनडे नहीं हारी भारतीय टीम



**इन्दौर ।** भारतीय टीम आज न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में खेलने उतरेगी। फिलहाल यह सीरीज 1-1 की बराबरी पर है, जिससे इंदौर का यह मैच एक वर्चुअल फाइनल बन गया है। भारतीय टीम के लिए यह मैदान एक सुरक्षित किले की तरह रहा है, जहां वे जीत के साथ सीरीज पर कब्जा जमाना चाहेंगे। यह आठवां मौका होगा जब भारतीय टीम इस मैदान पर कोई वनडे मैच खेलेगी और अब तक का रिकॉर्ड बताता है कि यहाँ टीम इंडिया को हराना लगभग नामुमकिन है।

### 20 साल से नहीं हारा एक भी वनडे मैच

इंदौर का होलकर क्रिकेट स्टेडियम भारतीय टीम के लिए हमेशा से सुपर लकी रहा है। भारत ने इस मैदान पर अब तक कुल सात वनडे मुकाबले खेले हैं और सभी में जीत दर्ज की है। यहां भारत का जीत का प्रतिशत 100 प्रतिशत है। इस ऐतिहासिक सफर की शुरुआत साल 2006 में हुई थी, जब राहुल द्रविड़ की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड को सात विकेट से धूल चटाई थी। तब से लेकर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली आखिरी जीत तक, टीम इंडिया का विजय रथ यहां कभी नहीं रुका।

### सहवाग ने बनाया था दोहरा शतक

ऐतिहासिक पारियों और रनों का गवाह इंदौर की पिच को बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग माना जाता है। इसी मैदान पर साल 2011 में वीरेंद्र सहवाग ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐतिहासिक 219 रनों की पारी खेली थी, जो उस समय वनडे इतिहास का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था। इसी मैच में भारत ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर 418/5 भी बनाया था। इस बार भी उम्मीद है कि कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी रोहित शर्मा जैसे दिग्गज रनों की बरसात करेंगे। गिल का इस मैदान पर रिकॉर्ड शानदार है, जहां उन्होंने दो मैचों में 216 रन बनाए हैं, जबकि रोहित ने पांच मैचों में 205 रन जोड़े हैं। कीवी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे भी यहां एक शतक जड़ चुके हैं, जो भारतीय गेंदबाजों के लिए चुनौती बन सकते हैं।

### स्पिनर्स का दबदबा और निर्णायक जंग

बल्लेबाजी के अनुकूल पिच होने के बावजूद यहां स्पिनरों ने भी अपनी छाप छोड़ी है। रवींद्र जडेजा इंदौर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से एक हैं, जिन्होंने यहां दो मैचों में छह सफलताएं हासिल की हैं। वहीं, कुलदीप यादव ने भी दो मैचों में पांच विकेट चटकाए हैं। रविवार को होने वाले इस मुकाबले में मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने 30,000 से अधिक दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली यह युवा ब्रिगेड अपने घर में अजेय रहने के रिकॉर्ड को बरकरार रखने और सीरीज को 2-1 से अपने नाम करने के लिए पूरा जोर लगाएगी।

# सजना और भूमि का चयन

## खेलों एमपी के लिए ताराचंद दादा की बालिकाएं चयनीत



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित खेलो एम पी यूथ गेम 16 और 17 जनवरी को आयोजित हुआ जिसमें ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की संजना राठौर 76 किलोग्राम वजन एवं भूमि कुशवाहा 53 किलोग्राम वजन में मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय खेलों एमपी के लिए चयनित हुई। विधायक मधु वर्मा, रमेश मिस्त्री पहलवान, कमल वर्मा, मुकेश वर्मा, नरेश वर्मा, मुन्ना पहलवान, महेश वर्मा, संतोष कुशवाहा, रामशंकर वर्मा, फूलचंद वर्मा, मानसिंह यादव, पवन वर्मा, गुलशन यादव, ममता वर्मा, रूपमती वर्मा, प्रीति मिस्त्री, सीमा राठौर ने बधाई दी। उक्त जानकारी रमेश मिस्त्री पहलवान ने दी।

# एनडीपीएस के खिलाड़ियों का टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन



**इंदौर।** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के टेनिस खिलाड़ियों ने 4 से 12 जनवरी तक रेज़िडेंसी क्लब में आयोजित इड्डल दास मेमोरियल प्रथम एमपी स्टेट रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-18 बालक आयु वर्ग की व्यक्तिगत श्रेणी में में मयंक राजन ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने मेंस सिंगल्स वर्ग में सेमीफाइनल तक पहुंचकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। त्रिशिर धवन अंडर-14 बालक आयु वर्ग में विजेता रहे वहीं अंडर-18 बालक आयु वर्ग में सेमीफाइनल तक पहुंचकर दोहरे वर्गों में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई। इसके अलावा सोहम पाटीदार ने भी अंडर-18 बालक आयु वर्ग में सेमीफाइनल तक का सफर तय कर सराहनीय प्रदर्शन किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय की चेयरपर्सन सिंधु सुधाकर मेंडके, प्राचार्य विस्टन गोमेज, प्रबंधक डी.एम. ठोकर ने खेल समन्वयक सीमांत श्रीवास्तव एवं मुख्य प्रशिक्षक मोहम्मद अरशद अंसारी, प्रशिक्षक मोहम्मद अंसार तथा फरहान खुर्शीद के प्रभावी मार्गदर्शन की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# मैच के दौरान कोर्ट पर गिरा चिड़िया के घोंसले का टुकड़ा

**नई दिल्ली ।** इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट लगातार गलत वजहों से चर्चा में बना हुआ है। प्रमुख के साथ ही खराब व्यवस्था का मुद्दा कई खिलाड़ी उठा चुके हैं। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शनिवार को महिला डबल्स के सेमीफाइनल मैच के दौरान ऊपर से कोर्ट पर कुछ गिर गया। बैडमिंटन विश्व महासंघ की तरफ से बताया गया कि यह चिड़िया के घोंसले का टुकड़ा था।

चीन की लियू शेंगशू और तान निंग का सामना दक्षिण कोरिया की बेक हा ना और ली सो ही से हो गया था। कोर्ट पर यह चीनी खिलाड़ी की तरफ गिरा था। दोनों ही खिलाड़ी इसे देखकर डर गईं। मैच को कुछ मिनटों के लिए रोका गया और यह फिर शुरू हो पाया। ।

यह कोई पहली बार नहीं है जब कोर्ट पर ऐसा कुछ देखने को मिला है। इसी हफ्ते पुरुषों के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भी दो बार ऐसा हो चुका है, जब एचएस प्रणॉय और लोह कीन यू के मैच के दौरान कोर्ट पर पक्षी की बीट गिरी थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। एक मुकाबले के दौरान स्टैंड्स में बंदर को देखा गया था। इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट पहले से ही खराब स्वच्छता और वायु गुणवत्ता को लेकर आलोचना झेल रहा है।

डेनमार्क की खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने तो खुलेआम ट्रेनिंग कोर्ट के गंदे होने और स्टेडियम की खराब हालत पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने तो यह तक सवाल उठा दिया था कि क्या यह वेन्यू इस साल के अंत में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए ठीक है।

चीन की लियू शेंगशू और तान निंग की जोड़ी ने सेमीफाइनल मुकाबले को अपने नाम करके फाइनल में जगह पक्की की। उन्होंने साउथ कारिया की जोड़ी को 21-12, 17-21, 21-14 से हराया। फाइनल में उनका सामना जापान की युकी फुकुशिमा और मायु मत्सुमोटो से होगा। चीनी जोड़ी 2025 की विश्व चैंपियन है और 2024 पेरिस ओलंपिक में सिल्वर मेडल अपने नाम किया था।

# महू में समझाइश के दौरान युवक को मारी गोली, आरोपी फरार

## देहात इलाके में एक हफ्ते में दूसरी बार चली गोलियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

इंदौर के देहात क्षेत्रों में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। महू के किशनगंज क्षेत्र में शनिवार को सरेराह हुए गोलीकांड ने इलाके में सनसनी फैला दी है। एक हफ्ते के भीतर देहात क्षेत्र में फायरिंग की यह दूसरी बड़ी वारदात है। किशनगंज पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी है, लेकिन फिलहाल उनका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।







घटना किशनगंज थाना क्षेत्र के वेटनरी कॉलेज के पास स्थित एक गुमटी की है। पुलिस के मुताबिक, इंदौर निवासी निक्की और रजत यादव का ग्राम कोदरिया के अभिषेक और अतुल यादव के साथ पुराना विवाद चल रहा है। इसी रंजिश को खत्म करने और समझाइश के उद्देश्य से दोनों पक्ष वहां एकत्र हुए थे। चर्चा के दौरान बातचीत बिगड़ी और रजत व निक्की के साथ आए एक अज्ञात युवक ने अचानक पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी। हमले में अभिषेक का दोस्त दीपक आंजना निवासी ग्राम चौरड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जबड़े और पैर में दो गोलियां लगी हैं, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कुलदीप खत्री और एफएसएल की टीम मौके पर पहुँची।

पुलिस ने घटनास्थल से कारतूस के दो खाली खोल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी रजत और निक्की के खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं, जो संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

### देपालपुर के बाद अब महू में फायरिंग से दहशत

गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह में फायरिंग की यह दूसरी घटना है। इससे पहले देपालपुर में भी रंजिश के चलते एक किसान को वाहन शोरूम के अंदर पेट में गोली मार दी गई थी। देहात क्षेत्र में लगातार हो रही इन वारदातों ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही महू गोलीकांड के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मामूली बात पर सगे भाई ने सब्बल से किया हमला

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक बुजुर्ग पर हमला करने का मामला सामने आया है। महज रास्ते पर शौच करने जैसी मामूली बात को लेकर हुए विवाद में सगे भाई ने अपने परिवार के साथ मिलकर फरियादी की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, 61 वर्षीय कैलाश जिराती निवासी असरावद खुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि यह घटना उस वक्त हुई जब वे हनुमान टेकरी स्थित अपने निर्माणाधीन मकान से घर की ओर लौट रहे थे। रास्ते में उनके बड़े भाई भेरूसिंह जिराती ने उन्हें रोक लिया और हाथ में लोहे की सब्बल लेकर गालियां देने लगा। आरोपी का आरोप था कि कैलाश उसी रास्ते पर शौच करता है जहाँ से उसका परिवार गुजरता है। जब कैलाश ने गालियां देने से मना किया, तो भेरूसिंह ने तैश में आकर उन पर सब्बल से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में गंभीर चोट आई।?विवाद बढ़ता देख भेरूसिंह की पत्नी गंगाबाई और उनके दो बेटे जितेंद्र व जीवन भी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुँच गए। इन सभी ने मिलकर कैलाश को घेर लिया और डंडों से पीटना शुरू कर दिया। हमले में बुजुर्ग कैलाश के सिर के पिछले हिस्से, दोनों हाथों और सीधे पैर में गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

# पत्नी को किया चाकू से घायल

**इंदौर।** हीरा नगर थाना इलाके में घरेलु विवाद में पति ने पत्नी पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक घरेलु हिंसा की घटना मेघदूत नगर में हुई। घायल महिला का नाम वंदना पति सुनील खंडेलवाल (39) है। उसकी रिपोर्ट पर पति सुनील खंडेलवाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरा पति हमेशा घरेलु बातों को लेकर झगड़े करता रहता है। कल वह घर आया और मुझे गालियां देने लगा। मैंने गाली देने से मना किया तो मेरे साथ लात-घूंसों से मारपीट की । इसी दौरान उसने घर में रखा सब्जी काटने का चाकू उठाकर मुझ पर वार कर दिया। चाकू हाथ में लगा जिससे चोट लगकर खून निकलने लगा। जान से मारने की धमकी भी दी।

# ऑटो चालक की सनक, बुजुर्ग को पीछे से चाकू मारकर हुआ फरार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक ऑटो रिक्शा चालक द्वारा बुजुर्ग के साथ सरेराह चाकूबाजी की सनक भरी वारदात सामने आई है। सुगनी देवी कॉलेज के पास हुई इस घटना में एक अज्ञात ऑटो चालक ने पैदल जा रहे बुजुर्ग पर पीछे से चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, क्लर्क कॉलोनी निवासी ललित पिता चांदमल जैन (65) शनिवार को किसी काम से निकले थे। जब वे सुगनी देवी कॉलेज गेट के सामने तीन पुलिया क्षेत्र में पहुँचे, तभी उनके पीछे से एक अज्ञात ऑटो रिक्शा चालक आया। इससे पहले कि बुजुर्ग कुछ समझ पाते, चालक ने ऑटो रोका और अचानक चाकू निकालकर उनके कमर के निचले हिस्से में पीछे से वार कर दिया। हमले के तुरंत बाद आरोपी तेजी से अपना ऑटो लेकर वहां से रफूचक्कर हो गया। चाकू लगने के कारण फरियादी बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके शरीर से काफी खून बहने लगा। अचानक हुए इस हमले और घबराहट के कारण पीड़ित ऑटो का नंबर नहीं देख पाए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया और पुलिस को सूचना दी गई। परदेशीपुरा पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# दो महिलाओं को दहेज के लिए सताया

**इंदौर।** दहेज लोभियों द्वारा विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के दो अलग-अलग मामले महिला थाने में सामने आए हैं।दोनो मामलों में पुलिस ने ससुराल पक्ष पर केस दर्ज किया है।

पहले मामले में खजराना क्षेत्र की हारून कॉलोनी निवासी अमीशा फातमा ने शिकायत दर्ज कराई है कि शादी के बाद से ही उनके पति मोहम्मद हस्सान, सास अजरा परवीन और ससुर मोहम्मद हुसेन उन्हें लगातार परेशान कर रहे थे। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग की जा रही थी और मांग पूरी न होने पर उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।वहीं, दूसरा मामला सुखदेव नगर से सामने आया है, जहाँ वर्षा बुलीवाल नामक महिला ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ मोर्चा खोला है। वर्षा ने पुलिस को बताया कि उनके पति अश्विन बुलीवाल, सास मीरा देवी, ससुर नारायण और देवर आदित्य बुलीवाल द्वारा दहेज के लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा था। इन दोनों ही मामलों में महिला थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# केले से भरा ट्रक पलटा, राहगिरों ने केबिन से ड्राइवर को सुरक्षित निकाला

### पुलिस ने क्रेन से हटवाया मलबा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के रालामंडल बायपास पर बीती देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। राऊ की तरफ से देवास की ओर जा रहा केले से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया। इस दुर्घटना के कारण बायपास पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा और यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर राहत कार्य शुरू किया।

बताते है कि ट्रक क्रमांक सीजी-07 सीजे-2071तेज रफ्तार में होने के कारण अचानक असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के तुरंत बाद वहां मौजूद राहगीर मदद के लिए दौड़े और ट्रक के केबिन में फंसे ड्राइवर को काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रक पलटने से उसमें लदे केले सड़क पर बिखर गए, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम अपने पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे।



पुलिस ने सबसे पहले बायपास पर लगे लंबे जाम को खुलवाया और यातायात को सुचारू करने के लिए क्रेन की मदद ली। क्रेन के जरिए दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सीधा करवाकर थाने भिजवाया गया। पुलिस द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से कुछ ही घंटों में बायपास पर ट्रैफिक फिर से सामान्य हो गया। पुलिस अब ट्रक पलटने के तकनीकी कारणों की जांच कर रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।